दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 208
कोटद्वार गुरूवार
1 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

### सीएम धामी ने किया वायदा पूरा

## उत्तराखण्ड में दो ऐतिहासिक विधेयक विधानसभा में पास

**◆महिलाओं को सरकारी नौकरियों के क्षैतिज आरक्षण का बना कानून**
**◆प्रदेश में धर्मान्तरण पर रोक सम्बंधित कानून बना**

**देहरादून।** उत्तराखंड में विधानसभा अनुपूरक बजट सत्र के दूसरे दिन दो महत्वपूर्ण विधेयक विधानसभा में ध्वनिमत से पास हो गए हैं। उत्तराखण्ड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2022 के पास होने के बाद प्रदेश में धर्मान्तरण को लेकर कठोर कानून का प्राविधान हो गया है। इसके अलावा उत्तर-ाखण्ड लोकसेवा (महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण) विधेयक 2022 से प्रदेश में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था एक बार फिर से लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार की यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। कुछ दिन पूर्व राज्य सरकार ने इन दोनों विधेयकों को कैबिनेट से मंजूरी दी थी। बुधवार को विधानसभा में इन विधेयकों के पास होने से प्रदेश में इसे लागू करने की जल्द अधिसूचना जारी हो जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभमि है यहां पर धर्मान्तरण जैसी चीजें हमारे लिए बहुत घातक है इसलिए सरकार ने यह निर्णय लिया था कि प्रदेश में धर्मान्तरण पर रोक के लिए कठोर से कठोर कानून बने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि इस कानून को पूरी दृढ़ता से प्रदेश में लागू किया जाएगा। वहीं उत्तराखण्ड में महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण विधेयक को लेकर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड निर्माण में मातृशक्ति का बहुत बड़ा योगदान है और सरकार ने यह पहले ही तय किया था कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस प्रदेश में मातृशक्ति का सम्मान करते हुए उन्हें इस क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिले। महिलाओं के लिए राज्याधीन सेव-ाओं में क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था देने करने यह अधिनियम मातृ शक्ति को समर्पित है।

## सदन में अपने जवाबों व तर्कों से छाई रही मंत्री रेखा आर्या

**देहरादून।** आज प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने पंचम विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रतिभाग किया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या द्वारा जहाँ सदन में माननीय सदस्यों द्वारा उठाये गए प्रश्नों के जवाब दिए। सदन में माननीय सदस्यों ने महिला बाल विकास, खाद्य, खेल एवं युवा कल्याण से सम्बन्धित विभिन्न प्रश्न किए। विधायक सुमित हृदयेश ने जहाँ नन्दा देवी कन्याधन योजना हमारी कन्या हमारा अभिमान योजना के तहत 2016-17 एवं वर्ष 2018 में जन्मी कन्याओं को लाभान्वित करने और अन्य विधायकगणो द्वारा महिला बाल विकास से सम्बन्धित कई प्रश्न उठाये गए जिनके परिपेक्षय में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सदन को अवगत कराया कि नन्दा देवी कन्याधन योजना, हमारी कन्या हमारा अभिमान के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में जन्मी कन्याओं को लाभान्वित करने की प्रक्रिया गतिमान है एवं वित्तीय वर्ष 2017-18 में जन्मी सभी पात्र कन्याओं को नन्दा गौरा योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जा चुका है। उक्त योजनान्तर्गत जनपद नैनीताल से प्राप्त 7547 लाभार्थियों को योजना से आच्छादित किया जा रहा है। वहीं जो पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वचित रह गए थे,ऐसी वर्ष 2015-16 की 25401 बालिकाओं एवं वर्ष 2016-17 की 6083 बालिकाओं को लाभान्वित किये जाने की प्रक्रिया गतिमान है।

## बेरोजगारी और भर्ती घोटाले के मुद्दे पर गरमाया सदन

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही जारी है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष ने पीठ से कड़क संदेश दिया। स्पीकर ने विधायकों को सदन में रहने के दौरान फोन इस्तेमाल न करने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी ने कहा कि सत्र के पहले दिन कई विधायक फोन का इस्तेमाल करते रहे। कहा कि फोन का इस्तेमाल करते हुए विधायक पाए गए तो कर्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को भी हिदायत दी।



कांग्रेस नेता भुवन कापड़ी ने लोक सेवा आयोग में भर्ती पर सवाल उठाए। कहा कि यूकेएसएसएससी ने जो भर्तियां कराई, उनमें खुलकर भ्रषटाचार सामने आया। हमने सीबीआई जांच की मांग की थी। 45 की गिरफ्तारी हो गई लेकिन केवल तीप महीने में 27 की जमानत हो चुकी है।

अभियोजन पक्ष के वकील पैरवी नहीं कर रहे। 2017 में फरेस्ट गार्ड भर्ती में 17 पर केस हुआ। सरकार के वकील खड़े नहीं हुए और उन्होंने अपने केस कंपाउंड करा लिए।

राज्य लोक सेवा आयोग को परीक्षा की जिम्मेदारी दी, लेकिन युवाओं को भरोसा नहीं है। सहायक अभियंता की परीक्षा कराई जिसका रिजल्ट मई में आया। कनिष्ठ अभियंता की भर्ती जुलाई में आई। उसके रोल नंबर दिए गए लेकिन कटअफ और स्टूडेंट्स के नाम नहीं दिए। पलीटेक्क्कि भर्ती में अनुसूचित जाति की एक पोस्ट के सापेक्ष पांच के बजाय आठ को बुलाया गया। 8वें नंबर वाले को इंटरव्यू में पहला नंबर देकर उसे नौकरी दे दी।

कहा कि उपनल से काम कर रहे लोगों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। कोई ऐसा नियम बनना चहिए जिसमें 10 साल से काम कर रहे लोगों को नियमित किया जाए। आउट सोर्सिंग एजेंसी ने उत्तराखंड को लूटने का काम किया है। एक विभाग ब्लैक लिस्ट करता है, दूसरा विभाग उस एजेंसी को काम दे देता है। रोजगार की सुरक्षा को नियमावली बननी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सदन में बेरोजगारी और भर्ती घोटाले का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भर्ती घोटाले में शामिल लोग सत्ता के करीबी थे। उनकी उच्च अधिकारियों से सांठगांठ थी। सरकार की नीयत साफ नहीं थी। अगर सरकार ईमानदार होती तो सीबीआई जांच कराती। जो घोटाले के मास्टरमाइंड थे, सरकार की लचर पैरवी की वजह से वे जेल से बाहर आ गए। वहीं, आयोग की कई परीक्षाओं में नकल माफिया सक्रिय हैं। सुमित और गोस्वामी ने सेना में नौकरी न मिलने पर आत्महत्या कर ली। आज प्रदेश के युवाओं का विश्वास सरकार से उठ गया है। कहा कि सरकार क्यों इसकी सीबीआई जांच को तैयार नहीं। हाकम सिंह एक मोहरा है, और भी कई लोग हैं जिनकी संलिप्तता रही है। सरकार यूकेएसएसएससी के पूर्व अध्यक्ष एस राजू को क्यों बचा रही है।

वहीं, प्रीतम सिंह ने विधानसभा भर्ती की बात उठानी चाही लेकिन अध्यक्ष ने मना कर दिया। प्रीतम ने कहा कि 8वीं पास कंप्यूटर सहायक हैं और ग्रेजुएशन पास पकौड़े तल रहे हैं। सरकार युवाओं से अपना वादा पूरा नहीं कर रही। आज नौजवान सड़क पर संघर्ष कर रहा है। स्नातक स्तरीय परीक्षा के ईमानदार छात्र नौकरी की उम्मीद कर रहे हैं। सत्ता के पास कोई जवाब नहीं है। बेरोजगारों के साथ न्याय होना चाहिए।

विधानसभा सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही जारी है। अंदर सदन चल रहा है तो वहीं बाहर विभिन्न संगठनों का प्रर्दशन जारी है। ग्राम गल्जवाड़ी के ग्राम वासियों की आवासीय भूमि को राजस्व अभिलेखों में आबादी में दर्ज करने की मांग को लेकर विधानसभा कूच करने पहुंचे गल्जवाडी के क्षेत्रवासियों को पुलिस द्वारा रिस्पना पुल के समीप बैरिकेडिंग लगाकर रोका गया। वहीं सितारगंज उधम सिंह नगर में फैक्ट्री की अवैध बंदी के खिलाफ कर्मचारी विधानसभा कूच करने पहुंचे। अपनी मांगों को लेकर विधानसभा कूच करने पहुंचे सुराज सेवा दल को भी पुलिस द्वारा रोका गया।

कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी ने टेक होम राशन की आपूर्ति से जुड़ा सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि क्या राज्य में चार महीने से टेक होम राशन की आपूर्ति नहीं हुई। क्या राज्य में 16 माह से आंगनबाड़ी भवनों का किराया भुगतान नहीं हुआ? उनके सवालों पर महिला सशक्तिकरण व बाल विकास मंत्री ने कहा भारत सरकार से बजट न मिलने के कारण राशन की आपूर्ति में व्यवधान हुआ है। 37 करोड़ 36 लाख 57 सतावन हजार 800 की धनराशि अवमुक्त की गई है। उन्होंने कहा कि निदेशालय की मांग पर जल्द भुगतान हो जाएगा। साथ ही आंगनबाड़ी भवनों के किराये का भी जल्द भुगतान होगा।

### गैरसैंण मैं सत्र न करने पर विपक्ष का हंगामा

सदन में आज दूसरे दिन विपक्ष ने ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के मुद्दे पर अवमानना का नोटिस दिया। गैरसैंण में सत्र न करवाने को लेकर सदन में मुद्दा गरमाया। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह और संसदीय कार्य मंत्री कई बार बहस में आमने-सामने हुए। विपक्ष ने कहा कि गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी की घोषणा पूर्ववर्ती सरकार में की गई लेकिन उसके बाद एक दिन भी गैरसैंण मैं सत्र नहीं चलाया गया, जिससे यह साबित हो गया है कि सरकार गैरसैंण लेकर कितनी संवेदनशील है। वहीं संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 2017 से लगातार भराड़ीसैंण में राज्य स्थापना दिवस और राष्ट्रीय पर्व को मनाया जा रहा है। चार धाम यात्रा को देखते हुए सरकार ने बजट सत्र को देहरादून में ही आहूत किया था।

### 15 साल का किशोर गायब, गुमशुदगी दर्ज

**चमोली।** जिला मुख्यालय गोपेश्वर के सरस्वती बिहार का एक किशोर 26 नवंबर से लापता है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुद्गी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गोपेश्वर के थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रौतेला ने बताया कि लापता किशोर के परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय किशोर घर से बिना किसी को कुछ बताएं घर से चला गया है। परिजनों के द्वारा तमाम जगह पूछताछ, जानकारी हासिल करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं लगा। बुधवार को थाना गोपेश्वर में परिजन शशिकला देवी ने बताया कि बिते 4 दिनों से ा तिक घर से बिना कुछ बोले घर से निकला हैं। रिश्तेदारों को भी इसकी सूचना दी गई लेकिन उसका कोई भी पता नहीं चला। थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रौतेला ने बताया लापता किशोर की तलाश के पुलिस ने सर्च अभियान चलाया है। नगर क्षेत्र के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सभी थाना चौकियों को युवक की फोटो और जानकारी भेज दी गई हैं।

### कटखने बंदरों ने किया महिला को जख्मी

**बागेश्वर।** एक महिला को कटखने बंदरों ने घायल कर दिया है। उन्होंने जिला अस्पताल में उपचार कराया। लोगों ने वन विभाग से घायल महिला के उपचार के लिए मुआवजे की मांग की है। बुधवार की दिन में मजियाखेत निवासी 30 वर्षीय कविता देवी पत्नी कैलाश चंद्र महिला छत पर काम कर रही थी। वहां एकाएक बंदरों का झुंड पहुंच गया। बंदरों ने महिला पर हमल बोल दिया। उसके पीठ आदि स्थानों पर काट दिया। शोरगुल होने पर वहां से बंदर भाग गए। महिला का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### नहाते समय गंगा में डूबा यूपी का एक पर्यटक

**ऋषिकेश।** त्रिवेणीघाट से करीब एक किलोमीटर आगे साईंघाट पर स्नान करते समय यूपी का एक युवक पानी के तेज बहाव में आकर डूब गया। सूचना पर एसडीआरएफ और जल पुलिस के जवानों ने गंगा में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन पानी में लापता युवक का कुछ पता नहीं चल सका। जानकारी के मुताबिक बुधवार को जलाबाद, शामली, उत्तरप्रदेश निवासी मनोज (20) पुत्र मांगेराम अपने साथियों के साथ घूमने तीर्थनगरी ऋषिकेश आया था।

बताया जा रहा है दोपहर करीब 1240 बजे सभी हरिद्वार रोड स्थित साईंघाट पहुंचे और स्नान के लिए गंगा में उतर गए। स्नान के वक्त अचानक पैर फिसलने से मनोज पानी के तेज बहाव में आकर डूबने लगा। जब तक दोस्त उसे बचाने का प्रयास करते वह गहरे पानी में ओझल हो गया।

### चेक बाउंस के दोषी को चार माह की सजा

काशीपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट रूचिका गोयल की अदालत ने चेक बाउंस के दोषी को चार माह के कारावास और 6.50 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। खड़कपुर देवीपुरा निवासी निर्मला ने परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से न्यायालय में परिवाद दायर किया। जिसमें कहा कि उसके कौशल्या इंक्लेव, रुद्रपुर निवासी बलवंत सिंह से अच्छे संबंध थे। उसने बेटे की शादी के नाम पर 14 अक्तूबर 2018 को छह लाख रुपये बलवंत को उधार दिये। जो उसने अगस्त 2019 में वापस करने का वायदा किया। समय पूरा होने पर जब उसने रुपये वापस मांगे तो बलवंत ने 28 अगस्त 2019 का छह लाख रुपये का चेक देकर भुगतान प्राप्त करने को कहा।

## जान पर बन आई तो भालू से भिड़ा 70 साल का बुजुर्ग

**धरमघर(बागेश्वर)।** भालू ने चुचेर के जंगल में 70 वर्षीय बुजुर्ग पर हमला कर दिया। जान पर बन आई तो बुजुर्ग भालू से भिड़ गए। उन्होंने बड़ूयाठ (धारदार हथियार) से वार कर भालू को भगाया। उनका जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया।

चुचेर (पनाड़ी) निवासी भगत सिंह कोरंगा (70) बुधवार की सुबह करीब सात बजे चीड़ के छिलके लेने के लिए जंगल जा रहे थे। इसी बीच भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालू ने उनका सिर बुरी तरह से नोच डाला। जान जोखिम में होने के बाद भी भगत सिंह ने हिम्मत नहीं हारी। हाथ में पकड़े बड़ूयाठ से उन्होंने भालू पर वार कर दिया। हमले से घबराया भालू जंगल में भाग गया।

गंभीर रूप से जख्मी होने पर भगत सिंह जंगल में ही बैठ गए। जंगल में मौजूद अन्य लोगों की नजर उन पर पड़ी तो जिला अस्पताल ले जाया गया। अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। वन रेंजर प्रदीप कांडपाल ने उनके इलाज के लिए 10,000 रुपये की तात्कालिक सहायता प्रदान की है। चुचेर के लोगों ने बताया कि जंगल में अक्सर दो भालू दिखाई दे रहे हैं।

## उड़ान 5.0 के टेंडर में शामिल की जाएगी गौचर व चिन्यालीसौड़ की हवाई सेवा

**◆पिथौरागढ़ से फिक्सड विंग एयरक्राफ्ट सेवाएं अगले साल 31 जनवरी से शुरू होगी**
**◆केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम धामी को पत्र लिखकर दी जानकारी**

**देहरादून।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि उडान 5.0 के टेंडर में चिन्यालीसौड व गौचर से छोटे एयरक्राफ्ट की सेवाओं को शामिल किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने अपने पत्र में यह भी बताया कि पिथौरागढ़ से फिक्सड विंग एयरक्राफ्ट सेवाएं शुरू करने के लिए फ्लाई बिग एयरलाइन को निर्देशित कर दिया गया है।

फ्लाई बिग द्वारा 31 जनवरी 2023 से इसका संचालन शुरू किया जाएगा। इसके तहत पिथौरागढ़-पंततनगर, पंततनगर-पिथौरागढ़, पिथौरागढ़-हिंडन, हिंडन-पिथौरागढ़, पिथौरागढ़-देहरादून, देहरादून-पिथौरागढ़ रूट पर फिक्सड विंग सेवाएं फ्लाई बिग द्वारा संचालित की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने अपने पत्र में अवगत कराया है कि पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथोरिटी अफ इंडिया द्वारा 9 नवम्बर 2022 को ओएलएस सर्वे किया गया। इसका चार्ट बनाया जा रहा है। प्रि-फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विस्तारीकरण के लिए राज्य सरकार से मानकों के अनुरूप भूमि उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

गौरतलब है कि 27 नवम्बर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली में भेंट कर उत्तराखण्ड में नागरिक उड्डयन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और एयर कनेक्टीवीटी को बढाने के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर अनुरोध किया था। उन्हीं बिंदुओं पर की गई कार्यवाही और अद्यतन स्थिति की जानकारी जानकारी केंद्रीय मंत्री ने 30 नवम्बर के अपने पत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दी है।

### भारत सरकार से पीएमजीएसवाई में 220 करोड़ 25 लाख रूपये की राशि जारी

**देहरादून।** भारत सरकार से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 220 करोड़ 25 लाख रूपये की राशि उत्तराखण्ड को जारी की गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय,भारत सरकार ने पीएमजीएसवाई की दूसरी किश्त के दूसरे अंश के रूप में यह राशि जारी की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के सहयोग से राज्य में कनेक्टीवीटी में अभूतपूर्व हो रहे है।

## बिजली चोरी पकड़ने गई टीम को देख घबराए मकान मालिक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा



**ऋषिकेश।** ऋषिकेश के एक घर में ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम की छापेमारी की कार्रवाई के दौरान मकान मालिक बेहोश हो गया। आनन-फानन परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने विजिलेंस की टीम पर कार्रवाई के दौरान मकान मालिक के साथ धक्का-मुक्की और धमकाने का आरोप लगाया है।

बुधवार दोपहर जाटव बस्ती में बिजली चोरी पकड़ने के लिए विजिलेंस की टीम छापेमारी की कार्रवाई कर रही थी। टीम बिजली कनेक्शन की जांच के लिए गली नंबर 10 में सोनू जाटव (40) पुत्र श्यामसुंदर के घर पहुंची। टीम को देखते ही परिवार में हड़कंप मच गया। इस दौरान सोनू जाटव अचानक बेहोश होकर नीचे गिर पड़े।

सोनू के बेहोश होते ही परिजनों की चीख पुकार सुन विजिलेंस की टीम मौके से भाग खड़ी हुई। परिजन और स्थानीय लोग उनको एसपीएस राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन यहां चिकित्सकों ने बताया कि सोनू की मौत हो चुकी है। इसके बाद परिजन सोनू के शव को वापस घर लेकर लौट गए।

मृतक के भाई की सूचना पर वरिष्ठ उप निरीक्षक दर्शन प्रसाद काला पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि विजिलेंस टीम के अधिकारियों के सोनू के साथ धक्का मुक्की करने और धमकाने के कारण उसको हार्ट अटैक आया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान स्थानीय नेता रविंद्र बिरला भी मौके पर आ गए। पुलिस ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन परिजन और स्थानीय लोग नहीं माने।

पुलिस ने किसी तरह परिजन और स्थानीय लोगों को समझा बुझाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया। इसके बाद रविंद्र बिरला की अगुवाई में परिजन सहित बस्ती के लोग कोतवाली पहुंचे। परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस से विजिलेंस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

परिजनों और स्थानीय लोगों ने कहा कि मृतक के परिवार को मुआवजा भी मिलना चाहिए। वरिष्ठ उपनिरीक्षक दर्शन प्रसाद काला ने परिजनों और लोगों को आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद परिजन और स्थानीय लोग वापस लौट गए।

## गुजरात में 290 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, ड्रग्स और शराब जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनावी राज्य गुजरात में अब तक 290 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, मादक पदार्थ, शराब और उपहार जब्त किए गए हैं जो राज्य में 2017 के पूरे विधानसभा चुनाव के दौरान की गई बरामद्गी से 10 गुना अधिक है। गुजरात में एक और पांच दिसंबर को दो चरणों में चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से इसकी योजना और निगरानी के कारण राज्य में चुनाव प्रक्रिया के दौरान रिकर्ड बरामद्गी हुई है। एक महत्वपूर्ण ष्दवाओं की भारी खेप की चल रही जब्ती प्रक्रियाष का नेतृत्व एटीएस गुजरात के अधिकारियों की एक टीम कर रही है जो वड़ोदरा (ग्रामीण) और वडोदरा शहर में एक अभियान चला रही है।

टीम ने दो मेफेड्रोन दवा निर्माण इकाइयों की पहचान की है और लगभग 478 करोड़ रुपये मूल्य के 143 किलोग्राम मेफेड्रोन (सिंथेटिक दवा) का पता लगाया है। उन्होंने नडियाद और वडोदरा से पांच लोगों को हिरासत में लिया है और एटीएस पुलिस स्टेशन, अहमदाबाद में एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया जा रहा है।

चुनाव आयोग ने कहा, अभियान जारी है और अभियान पूरा होने के बाद पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में कुल जब्ती 2721 करोड़ रुपये थी। जबकि इस बार 29 नवंबर तक कुल जब्ती 29024 करोड़ रुपये थी जो 2017 में बरामद्गी का 1066 गुना।

# राजस्व उपनिरीक्षक कार्यशौली में बदलाव लाए : डीएम

## किसी भी दशा में गलत आय प्रमाण पत्र निर्गत न किया जाए

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी राजस्व उपनिरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उनके स्तर से जो भी कार्य किए जा रहे हैं उन कार्यों का निर्वहन गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ करें। उन्होंने क्षेत्र में तैनात राजस्व उपनिरीक्षकों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग न करने की शिकायत का संज्ञान लेते हुए कहा कि राजस्व उपनिरीक्षक अपनी कार्यशैली में बदलाव लाए।

उन्होंने सभी को सचेत करते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी की शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी की होगी। डीएम ने निर्देश दिए कि उनके स्तर से जारी होने वाले आय प्रमाण-पत्रों को गंभीरता से देखें एवं जांच के उपरांत ही संबंधित व्यक्ति की वास्तविक आय अंकित कर आय प्रमाण-पत्र जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी दशा में गलत आय प्रमाण-पत्र निर्गत न किया जाए।



जनपद के अंतिम छोर में निवासरत व्यक्तियों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने, तहसील स्तर से जारी होने वाले प्रमाण-पत्रों एवं आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, कानूनगो एवं राजस्व उपनिरीक्षकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर तहसील स्तर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जनपद में आपदा के कारण जिन विभागों की जो भी योजनाएं क्षतिग्रस्त होती हैं उन योजनाओं का धरातल पर वास्तविक आंकलन किया जाए तथा नियमानुसार आंकलन प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कार्य के शुरू होने, पूर्ण होने एवं उसकी गुणवत्ता के संबंध में स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराई जाए किसी भी दशा में कोई गलत सूचना एवं रिपोर्ट उपलब्ध न कराई जाए। गलत जानकारी उपलब्ध कराए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि वन भूमि व राजस्व भूमि पर किसी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ऐसे व्यक्तियों को नोटिस निर्गत करते हुए उनके विरुद्ध वाद भी दायर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी जखोली परमानंद राम, ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, तहसीलदार रुद्रप्रयाग मंजू राजपूत, जखोली बलवीर लाल शाह, बसुकेदार राम किशोर ध्यानी सहित कानूनगो एवं राजस्व उपनिरीक्षक मौजूद थे।

## छात्र–छात्राओं को दी अधिकार व कानूनी जानकारियां

ऋषिकेश। राइंका बुल्लावाला में विधिक एवं कानूनी सहायता साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। इसमें 615 छात्र–छात्राओं को उनके अधिकार व जरूरी कानूनी जानकारियां दी गईं। बुधवार को राइंका बुल्लावाला में आयोजित शिविर में डोईवाला कोर्ट की जज मीनाक्षी दूबे ने छात्र–छात्राओं को कानून और उनके अधिकारों की जानकारियां दी।

उन्होंने छात्र–छात्राओं को साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, मोटर व्हीकल ऐक्ट, पोक्सो ऐक्ट और बाल संरक्षण अधिनियम के विषय में जानकारी दी। उन्होंने साइबर सेल से सहायता लेने, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला द्वारा अपने पति से भरण पोषण भत्ता लेने सहित अन्य जानकारियां दीं। मौके पर प्रधानाचार्य इम्दादुलाह अंसारी, मनीषा पंवार, आरुषि कृषाली, अंजली रैथाण, अंकिता कोठियाल, गुरलीन कौर, प्रशांत खत्री आदि उपस्थित रहे।

## विधानसभा कूच के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिसकर्मियों से नोकझोंक



देहरादून। दून में विधानसभा सत्र के दौरान बाहर सड़क पर बुधवार को घमासान रहा। यूकेडी, कम्युनिष्ट पार्टी समेत कई सामाजिक और बेरोजगार संगठनों ने विधानसभा कूच किया। पुलिस ने रिस्पना पुल बैरिकेडिंग पर रोका तो बैरिकेडिंग पार करने को लेकर प्रदर्शनकारियों की पुलिसकर्मियों से तीखी नोकझोंक हुई। अंकित हत्याकांड की सीबीआई जांच, भर्ती घोटाले, बेरोजगारी समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा कूच किया। रिस्पना बैरिकेडिंग पर पुलिस ने डंडों के बल पर कार्यकर्ताओं को रोका। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच खूब धक्का–मुक्की हो रही है। इसके बाद सुराज सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने राज्य में बिगड़ती अपराध व्यवस्था के मुद्दे पर विधानसभा कूच किया। सुराज दल के रमेश जोशी ने कहा कि सरकार घोटालों की जांच ठीक से नहीं कर रही। अंकिता हत्याकांड समेत कई मुद्दों को लेकर उन्होंने आवाज उठाई।

# धोखाधड़ी और गुमशुदगी के मामलों को लम्बित न रखे : एसपी

रुद्रप्रयाग : पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने अधीनस्थ पुलिस कार्मिकों का लिया मासिक सम्मेलन लिया। इस दौरान उन्होंने विवेचकों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी सहित यातायात एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा की। पुलिस का तेजी से लम्बित मामलों का निस्तारण एवं बेहतर कानून व्यवस्था के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने धोखाधड़ी एवं ठगी के मामलों को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखने, साइबर सम्बन्धी अपराधों पर तत्काल कार्रवाई करने, ठगी के शिकार लोगों को मदद करने, साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम करने, राजस्व क्षेत्र से प्राप्त लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण करने, हाल के समय में मुख्यालय स्तर से जारी दिशा–निर्देशों से प्रभारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए।पुलिस कार्यालय सभागार में पहली बार उपस्थित पुलिस प्रभारियों/कार्मिकों का परिचय लेते हुए मासिक सम्मेलन की शुरूआत की गई। एसपी ने समस्याओं का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कार्मिकों को सर्दी के मौसम में अपना स्वयं का बचाव करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने थानावार समीक्षा की। सम्मेलन में गुमशुदगी के प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने, गुमशुदाओं की सकुशल बरामदगी, एसओजी/साइबर सैल का भी सहयोग लेने के निर्देश दिए। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन्स हर्षवर्द्धनी सुमन, पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विमल रावत, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रुद्रप्रयाग गुलाब सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन गणेश लाल, प्रभारी डीसीआरबी सदानन्द पोखरियाल, प्रभारी एसओजी मनोज नेगी, निरीक्षक स्थानीय अभिसूचना इकाई मनोज सिंह बिष्ट, निरीक्षक पुलिस दूरसंचार अनुराधा डबराल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग जयपाल सिंह नेगी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग सुरेश चन्द्र बलूनी, थाना प्रभारी अगस्त्यमुनि योगेन्द्र सिंह गुसाई, थाना प्रभारी गुप्तकाशी अजय कुमार, थानाध्यक्ष ऊखीमठ राजीव चौहान, प्रभारी एसडीआरएफ निरीक्षक कर्ण सिंह, वाचक पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार ममगाईं, प्रधान लिपिक प्रदीप बिष्ट, आंकिक प्रदीप कुकरेती, प्रभारी आशुलिपिक नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## फाइटर अंगद बिष्ट का किया भव्य स्वागत

रुद्रप्रयाग : हाल ही में दुबई में हुए एमएमए फाइट में जोरदार प्रदर्शन कर उत्तराखंड का नाम रौशन करने वाले फाइटर अंगद बिष्ट का ग्राम सभा चिनग्वाड़ में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ इस युवा का स्वागत किया। कहा कि अंगद ने उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश में चिनग्वाड़ का भी नाम रौशन किया है। ऐसे युवा पर हमें गर्व है। बुधवार को चिनग्वाड़ पहुंचने पर यहां के युवा, महिला, नौजवान एवं बुर्जुगों ने अंगद का जोरदार स्वागत किया। उनका गांव पहुंचने पर माल्यापर्ण किया गया। इस मौके पर अंगद ने ग्रामीणों का आभार जताया। कहा कि उन्हें काफी गर्व हो रहा है जब रुद्रप्रयाग नगर ही नहीं गांव और अन्य जगहों पर भी उनका स्वागत हो रहा है।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हुआ विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन

ऋषिकेश। आजादी का अमृत महोत्सव–एक प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 गौरवशाली वर्षों को मनाने के लिए एक सतत उत्सव का आयोजन कन्वेंशन हॉल, अशोका होटल, नई दिल्ली में भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित समारोह में परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और पूज्य संतों ने सहभाग किया। यह उत्सव उन्हें समर्पित है जो देश के विकास और विकासवादी यात्रा में सहायक रहे हैं।

ज्ञात हो कि आजादी का अमृत महोत्सव के संदर्भ में संस्कृति मंत्रालय द्वारा सांस्कृतिक गौरव के विषय पर अभियान चला रहा है।

सांस्कृतिक गौरव के विषय पर मंथन हेतु आज इस आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संसदीय मामलों के माननीय संस्कृति, पर्यटन राज्य मंत्री और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्री, श्री जी किशन रेड्डी जी की अध्यक्षता में माननीय संस्कृति, पर्यटन मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी और विदेश राज्य मंत्री और संस्कृति श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी और अनेक आध्यात्मिक संगठनों के शीर्ष नेताओं के सान्निध्य में आयोजित की गयी हैं।



इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि ये हमारी संस्कृति की यात्रा है, यह हमारी दिव्यता और भव्यता की यात्रा है; ये विकास की यात्रा है; ये हमारी विरासत की यात्रा है; सतत साधना की यात्रा है; हमारे संकल्प की यात्रा है। अब हमें संस्कृति के साथ–साथ प्रकृति को भी जोड़ना होगा।

## एक नजर

### निशुल्क शिक्षा दे रहे एकल विद्यालय

विकासनगर। जौनसार बावर क्षेत्र में संचालित एकल विद्यालय गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही उन्हें संस्कारवान भी बना रहे हैं। बुधवार को चकराता क्षेत्र के एकल विद्यालयों का अभियान प्रमुख जवाहर सिंह चौहान ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि एकल विद्यालय अभियान पूरे देश में ऐसा अभियान है जो जनजातीय और आदिवासी क्षेत्रों में गरीब बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही उन्हें स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक कर रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में एक लाख एकल विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। इस दौरान गंभीर सिंह चौहान, कल्पना चौहान, काजल राणा आदि मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रोशनी ने दो स्वर्ण पदक झटके

विकासनगर। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एसजीआरआर इंटर कॉलेज भाऊवाला की छात्रा रोशनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया। बुधवार को पदक विजेता छात्रा को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दमयंती पंद्रियाल ने बताया कि छात्रा ने सौ मीटर और दो सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण और चार सौ मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने छात्रा को प्रशिक्षित करने वाले व्यायाम शिक्षक सुमित लाल और अनुज रतूड़ी को भी सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य खेमलता नेगी, यशपाल नेगी आदि मौजूद रहे।

### खेलकूद में अव्वल छात्राओं को सम्मानित किया

ऋषिकेश। गुमानीवाला स्थित अगापे स्कूल अकादमी के वार्षिक खेल महोत्सव में अव्वल रही छात्राओं को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बुधवार को स्कूल में आयोजित खेल महोत्सव के अंतिम दिन बतौर मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने विद्यार्थियों की हौसलाअफजाई की।

# मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा: एमए पठान

हरिद्वार। स्फीहा स्वस्थ पर्यावरण, पारिस्थितिकी और आगरा की विरासत (एक गैर–सरकारी पंजीकृत सोसाइटी) के रूप में आगरा के संरक्षण के लिए सन् 2006 में बनाई गई थी। सोसाइटी न केवल आगरा, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष और वास्तव में पूरे विश्व के महाद्वीपों के देशों (जैसे यूरोप और ऑस्ट्रेलेशिया) में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। स्फीहा मध्य प्रदेश राज्य में स्थित दस आदिवासी गाँवों के समूह राजा बरारी प्रदेश के आदिवासियों व जनजातियों के उत्थान के लिए भी सेवा कार्य कर रही है। यह कार्य राधास्वामी सत्संग सभा, दयालबाग, आगरा– 282005, यू.पी. मुख्यालय। (मुरार घोषणा 13 जून 2010) के सहयोग व निर्देश से ही संभव हो पा रहा है। (जिनमें से राधास्वामी सत्संग सभा को केवल वानिकी प्राकृतिक संसाधनों के भीतर पड़ी लकड़ी को काटने का अधिकार अब दिनांक 9 नवम्बर 2022 से वापस मध्य प्रदेश सरकार को सौंप दिया गया है। हालांकि, हरदा जिले की आबादी/आवास और कृषि भूमि का स्वामित्व और प्रबंधन राधास्वामी सत्संग सभा, दयालबाग, आगरा–यू.पी. मुख्यालय के पास सन् 1919 से निरंतर है। 1919 से राधास्वामी सत्संग सभा, दयालबाग, आगरा लगातार यहाँ मानव जाति की सेवा की भावना के साथ, धर्मार्थ (निगमित) संगठन के रूप में, न केवल भारत के संप्रभु गणराज्य के भीतर बल्कि इंग्लैंड और वेल्स (सिंगापुर घोषणा 1971) में भी आदिवासियों को देश की मुख्यधारा के साथ मिलाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। स्फीहा आजकल डी ई आई डीम्ड यूनिवर्सिटी और राजबरारी



एस्टेट के साथ साझेदारी, में एक 10 दिवसीय शिविर आयोजित कर रहा है, जिसमें आदिवासी कल्याण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं, जैसे मेडिकल कैम्प, ड्रोन से प्रशिक्षण सहित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी शिविर, शैक्षिक कार्यशालाएँ, लड़कियों के लिए आत्मरक्षा, युवाओं के लिए रोजगार सहायता, वायु और जल गुणवत्ता स्तर और वृक्षारोपण शामिल होंगे।

इन गतिविधियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को यहाँ भेजा गया है। सैकड़ों आदिवासी इन शिविरो से लाभान्वित हो रहे हैं। एक एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक चिकित्सकों की टीम निःशुल्क परामर्श और दवाइयाँ दे रही हैं। आज तक स्थानीय आबादी के पांचवें हिस्से को इन मेडिकल सुविधाओं का लाभ मिल चुका है। अल्पसंख्यकों के लिए खेलों में भाग लेना, सामाजिक उत्थान की तरफ गतिशीलता के तीव्र आवाहन जैसा है। इसलिए नवोदित खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण और प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है, ताकि दिसंबर में होने वाले आगामी मुख्यमंत्री कप में वे उत्साह से भाग ले सकें।

# एसएसपी से मिले वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के पदाधिकारी

हरिद्वार। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रतिनिधिमण्डल ने एसएसपी अजय सिंह से मुलाकात कर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। इस दौरान संगठन की और से ज्ञापन भी एसएसपी को दिया गया। वरिष्ठ सामाजिक संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने एसएसपी को बताया कि जनवरी 2000 में जिला प्रशासन की और से हरिद्वार शहर को वरिष्ठ नागरिक फ्रेंडली जोन बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया था। कार्यशाला में केंद्र सरकार की वरिष्ठ नागरिक आयोग नीति के अंतर्गत हाईकोर्ट के अध्यादेश 2007 नियमावली 14 के नियम 24 के अंतर्गत उत्पीड़न, शोषण, अधिकार हनन आदि समस्याओं के समाधान के लिए कानूनी सहायता देने के लिए थाना क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिकों को सूचीबद्ध कर समय–समय पर समीक्षा बैठक का आयोजन किए जाने आदि बिन्दुओं पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में वरिष्ठ नागरिक अपनों द्वारा या दूसरों द्वारा किए जा रहे हैं उत्पीड़न और शोषण से परेशान होकर अपने को असहाय महसूस कर रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक संगठन वरिष्ठ नागरिकों की परेशानियों के आधार पर कानूनी सहायता दिलाने के लिए समय–समय पर समीक्षा बैठक के लिए निवेदन करता आ रहा है।



## कैबिनेट मंत्री जोशी ने दी शहीद नायक अनुसूया प्रसाद को श्रद्धांजलि

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शहीद नायक अनुसूया प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाउवाला रामपुर में खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से मिले। मंत्री जोशी वीर नायक शहीद अनुसूया प्रसाद की पुण्यतिथि पर उनके गांव में आयोजित श्रद्धांजलि सभा और खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2023 के अंत तक सैन्य धाम का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। शहीद अनुसूया प्रसाद 10 महार रेजिमेंट में थे। 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में महावीर चक्रसे अंलकृत अनुसूया प्रसाद ने सर्वोच्च बलिदान दिया था।

# छात्रों ने की प्राचार्य से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग

विकासनगर। पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी के छात्र–छात्राओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर पीजी कक्षाओं के संचालन समेत अन्य मांगों पर जल्द कार्यवाही की मांग की है। छात्रों ने कहा कि उनके हितों से संबंधित समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। बुधवार को छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय में पीजी कक्षाओं के संचालन की मांग बीते चार साल से छात्र कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी मांग पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीजी कक्षाओं की पढ़ाई के छात्र–छात्राओं को देहरादून के शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना पड़ता है। आर्थिक तौर पर कमजोर तबके के छात्रों के लिए देहरादून में शिक्षा ग्रहण करना मुश्किल होता है। इसके साथ ही इस वर्ष कुछ छात्रों के परीक्षा परिणाम में त्रुटियां पाई गई, जिन्हें अभी तक ठीक नहीं किया गया है। अभी तक भी परीक्षा परिणाम रोका गया है, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में लंबे समय से भू गर्भ विज्ञान के प्राध्यापक अनुपस्थित हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वाणिज्य और विज्ञान संकाय में प्रयोगात्मक सामग्री उपलब्ध नहीं हैं। लिहाजा प्रयोगात्मक कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा है।

# विधान सभा में उठा शीशमबाड़ा वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का मुद्दा

विकासनगर। शीशमबाड़ा वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का मुद्दा बुधवार को विधानसभा में भी गूंजा। सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने प्लांट को शीशमबाड़ा से स्थानांतरित करने की मांग उठाई। विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान कहा कि वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के निर्माण से पूर्व ही स्थानीय लोगों को दुर्गंध आने, बीमारियां फैलने और आसन नदी के दूषित होने की आशंका थी, जिसके चलते जनता इसके विरोध में थी। लेकिन तत्कालीन सरकार ने जनभावनाओं के विपरीत प्लांट का निर्माण किया। अब प्लांट से निकलने वाली दुर्गंध से दस किमी के दायरे तक ही करीब पचास हजार से अधिक की आबादी प्रभावित है।


लोगों को अपने घर के दरवाजे, खिड़की खोलने मुश्किल हो गए हैं। विधायक ने कहा कि स्थानीय जनता प्लांट को हटाने के लिए समय समय पर आंदोलन करती रहती है।

## सेपियंस स्कूल के कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया

विकासनगर। 17 से 24 नवंबर तक गढ़ी कैंट देहरादून में आयोजित एनसीसी शिविर में सेपिंयस विद्यालय हरबर्टपुर और विकासनगर की 29 यूके बटालियन एनसीसी के 46 कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया गया। शिविर में आयोजित गतिविधियों में ड्रिल प्रतियोगिता, राइफल शूटिंग, मैप रीडिंग तथा सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे नृत्य और संगीत प्रमुख थे।

# नशीली दवाएं और इंजेक्शन बेचने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों को दी कार्रवाई की चेतावनी

हरिद्वार। सरकार द्वारा चलाए जा रहे ड्रग फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक कर नशीली दवाएं ओर इंजेक्शन बेचने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान निर्देश जारी करते हुए कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने कहा कि बिना लाईसेंस मेडिकल स्टोर चलाने वालों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकद्मा दर्ज किया जाएगा। नशीली दवा या इंजेक्शन का सेवन करने वालों से पूछताछ में जिस मेडिकल स्टोर से नशीला दवा या इंजेक्शन खरीदना पाया जाएगा, उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। बिना लाइसेंस प्राप्त मेडिकल स्टोर को एनआरएक्स दवाएं बेचने वाले होल सेलर के खिलाफ भी एनडीपीए एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी ने मेडिकल स्टोर संचालकों को बिना चिकित्सक के पर्चे के निडिल या सीरिंज बेचने नहीं बेचने और सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए।



# बदहाल पड़ा आमपड़ाव-शिवपुर मार्ग, वाहन चालकों की टूट रही कमर

◆वार्डवासियों की शिकायत के बाद भी मार्ग मरम्मत की सुध नहीं ले रहा नगर निगम ◆पूर्व में निगम ने बरसात के तुरंत बाद मार्ग मरम्मत का दिया था आश्वासन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम जन समस्याओं को लेकर कितना गंभीर है इसका उदाहरण आमपड़ाव-शिवपुर मार्ग की स्थिति को देखकर लगाया जा रहा है। बदहाल मार्ग पर सफर करने वाले दोपहिया वाहन चालकों की कमर टूट रही है।

शिकायत के बाद भी नगर निगम मार्ग मरम्मत की सुध नहीं ले रहा। जबकि, पूर्व में निगम ने बरसात समाप्त होते ही मरम्मत कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया था।

आमपड़ाव से शिवपुर को जोड़ने वाली एक किलोमीटर सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। मार्ग के गड्ढों के बीच डामर खोजना भी वाहन चालकों के लिए एक चुनौती बन गई है। गड्ढों से ऊबड़–खाबड हो चुकी सड़क पर दोपहिया वाहन अनियंत्रित हो रहे हैं। वार्डवासी अधिवक्ता आशुतोष कंडवाल, महेंद्र कुमार , मोहित सिंह बताया कि मार्ग मरम्मत के लिए कई बार नगर निगम व स्थानीय विधायक को पत्र दे चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा। सबसे अधिक परेशानी बरसात के समय होती है। हल्की बारिश होने पर पूरे मार्ग में कीचड़ भर जाता है। स्थिति देखकर लगता है मानो निगम व प्रशासन ने आमन की सुध लेनी ही छोड़ दी है।

### पानी की भी नहीं हो रही निकासी

मार्ग पर घरों से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए सड़क किनारे बनाई गई नालियां भी बंद हो चुकी है। ऐसे में कई स्थानों पर गंदा पानी एक जगह एकत्रित हो जाता है। जिससे वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार गंदा पानी वार्डवासियों के घरों के बाहर जमा हो जाता है। जिससे उन्हें संक्रमण बीमारियों का खतरा बना रहता है।



देखरेख के अभाव में कोटद्वार में बदहाल पड़ा आमपड़ाव–शिवपुर मार्ग।

# क्विज प्रतियोगिता में अंकित व मानसी रहे अव्वल



पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में आयोजित कार्यक्रम में संविधान की शपथ लेते विद्यार्थी

**कोटद्वारः** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नो पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में 'योअर कास्टीट्यूशन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में अंकित व मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के बारे में बताया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है। 26 नवंबर 1949 को संविधान परित किया गया था व 26 जनवरी 1950 से यह देश में लागू किया गया। यही कारण है कि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान नो योअर कास्टीट्यूशन विषय पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बालक वर्ग से अंकित पांथरी, शिव रमोला, सुजल व बालिका वर्ग से मानसी नेगी, करिश्मा, अकांक्षा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम, आकाश रावत द्वितीय एवं सत्य सुंदरियाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संजय कुमार, प्रमोद रामोला, तजेंद्र बिष्ट, लक्ष्मी सिंह राणा, केशव दत्त पंत आदि मौजूद रहे।

## सरकारी अस्पतालों में स्थापित हो जन औषधि केंद्र

**कोटद्वारः** स्व.सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने सरकारी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र स्थापित करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया है। कहा कि सरकार की इस योजना से गरीब परिवार के सदस्यों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लाभ मिलेगा। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को ज्ञापन भेजा। कहा कि वर्तमान में अंग्रेजी दवाओं के दाम लगातार आसमान छूते जा रहे हैं। ऐसे में गरीब परिवार का समक्ष उपचार करवाना व दवाएं खरीदना मुश्किल हो गया है। कहा कि सरकार को प्रत्येक सरकारी अस्पताल में अनिवार्य रूप से जन औषधि केंद्र स्थापित करना चाहिए। साथ ही चिकित्सकों को भी जैनरिक दवाएं लिखने के निर्देश दिए जाने चाहिए।

## विद्यार्थी समझदारी से करें इंटरनेट का उपयोग

**कोटद्वारः** जनपद पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की ओर से राजकीय इंटर कालेज मटियाली में आयोजित कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं व विद्यालय स्टाफ को साइबर क्राइम,यातायात नियम, मानव तस्करी व नशे सहित अन्य अपराधों पर जानकारी दी गई। टीम के सब इंस्पेक्टर कृपाल सिंह ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आपको बार–बार फोन कर या मैसेज कर परेशान करता है तो टौल फ्री नंबर 112 पर काल करें या नजदीकी पुलिस स्टेशन पर संपर्क करें। सब इंस्पेक्टर सूरत शर्मा ने नशे पर जानकारी देते हुए कहा कि नशा अपराध की पहली सीढ़ी है। इसलिए हम सबको इससे बचकर रहना चाहिए और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कहा कि किसी भी अजनान व्यक्ति के साथ अपनी बैंक खाता संबधी जानकारी साझा न करें। प्रधानाचार्य राम सुमेर सिंह ने छात्रों को जानकारी देने पर टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## गौरव सेनानी समिति की बैठक पांच को

**कोटद्वारः** गढ़वाल राइफल की 17वीं गौरव सेनानी समिति की ओर से 5 दिसंबर को दो से लेकर बाईस बटालियन के गौरव सेनानियों की बैठक का आयोजन किया जायेगा। बालासौड़ रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार के सभागार में आयोजित होने वाली बैठक में गौरव सेनानियों की समस्या के संबध में चर्चा की जायेगी। यह जानकारी देते हुए समिति के श्रीधर प्रसाद केष्टवाल ने गढ़वाल राइफल की सभी बटालियनों के गौरव सेनानी और समिति पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने वाले अधिकारी बर्दाश्त नहीं : धीरेंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नैनीडांडा क्षेत्र में सड़कों की बदहाली पर चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि जड़ाऊखांद मजेड़ाबैंड मोटर मार्ग, शंकरपुर नैनीडांडा मोटर मार्ग सहित अधिकांश सड़कें बदहाल स्थिति में हैं। इसके साथ ही ब्लाक कार्यालय नैनीडांडा में खंड विकास अधिकारी के खिलाफ जनप्रतिनिधियों के बढ़ते आक्रोश को क्षेत्र के लिए चिंताजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने वाले अधिकारियों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस संबंध में उचित कार्यवाही न होने पर नैनीडांडा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए खतरे की घंटी साबित होगी। जहां-जहां से राहुल गांधी की यात्रा गुजर रही है वहां बहुत बड़ा जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को समर्थन देने के लिए उत्तराखंड के सभी क्षेत्रों में यात्रा आयोजित की जा रही है। नैनीडांडा क्षेत्र में भी 17 दिसंबर को यात्रा का आयोजन होगा। इसके लिए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जंगबहादुर नेगी व कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप गुसांई से वार्ता हो चुकी है। यात्रा के आयोजन के संबंध में 3 दिसंबर को सल्डमहादेव मंदिर प्रांगण में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित होगी, जिसमें यात्रा की रूपरेखा तय की जाएगी।

# उत्तराखंड क्रांति दल ने किया प्रदर्शन

◆प्रदेश सरकार पर लगाया जनता की अनदेखी का आरोप ◆अंकिता हत्याकांड व भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** जनता की मांग के बाद भी अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं करवने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्ताराखंड क्रांति दल ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि सरकार जनविरोधी नीति अपनाकर जनता का शोषण कर रही है। इस दौरान सदस्यों ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है।

गुरुवार को सदस्यों ने तहसील परिसर में पहुंचकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके उपरांत सदस्यों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। सदस्यों ने कहा कि सत्ता में आने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने जनता को बेहतर विकास के वादें किए थे। लेकिन, सत्ता मिलते ही भाजपा अपने वादें भूल गई है। हालत यह है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। जनता अंकिता हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग उठा रही है। लेकिन, सरकार इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। हालत यह है कि अब तक मामले से जुड़े वीआईपी का नाम तक उजागर नहीं किया गया है। यही नहीं, जांच टीम ने अब तक रिजार्ट में बुलडोजर चलावाने वाली विधायक से भी पूछताछ नहीं की। इस दौरान सदस्यों ने वनंतरा रिजार्ट मामले के साथ ही उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच करवाने की मांग उठाई। वहीं, हेलंग घसियारियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने, नागरिकों को मूल निवासी प्रमाण पत्र जारी करते हुए स्थाई निवासी की व्यवस्था समाप्त करने, दिल्ली में उत्तराखंड की बेटी किरन नेगी से हुई दरंदगी मामले में परिवार को न्याय दिलवाने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की। इस मौके पर महेंद्र रावत, प्रवेंद्र नवानी, जगदीपक सिंह, सर्वेंद्र काला, विनोद सिंह, यतेंद्र भट्ट, हयात सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते उक्रांद कार्यकर्ता।

# मानव जीवन में करूणा व दया जरूरी

## राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में आयोजित की गई गोष्ठी



कोटद्वार में भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विचार रखते वक्ता।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में आयोजित गोष्ठी में विद्यार्थियों को मानव जीवन में करूणा व दया के महत्व के बारे में बताया गया। गोष्ठी का मुख्य विषय 'करूणा और दया का एक संकल्प' था।

गुरुवार को महाविद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रजापति ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय व ओम शांति केंद्र गुरुग्राम से पहुंची ईशु व आरती ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के साथ ही करूणा व दया के महत्व की जानकारी दी। कहा कि मानव के जीवन में करूणा व दया का होना भी अति आवश्यक है। हमें हर जरूरतमंद की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को कहानियों के माध्यम से सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राचार्य डा.विजय कुमार अग्रवाल, डा.इंदु मलिक, डा.अरविंद सिंह, डा.भोलानाथ, अशोक कुमार मित्तल, डा.गीता रावत, डा.अनुराग शर्मा, सतीश चंद्र पोखरियाल, सुशील पटवाल, आशीष कुमार, मोनिका रावत आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नजीबाबाद रोड स्थित हाईडिल रोड में अतिक्रमण कर लगाए गए खोखे को नगर निगम ने हटा दिया है। इस दौरान नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी भी दी।

गुरुवार दोहपर नगर निगम की टीम अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए हाईडिल रोड में पहुंची। यहां सड़क पर लगाए गए एक खोखे को नगर निगम ने हटाया। नगर आयुक्त किशन सिंह नेगी ने बताया कि सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए व्यक्ति को कई बार चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके व्यक्ति द्वारा इसे नहीं हटाया गया। ऐसे में निगम टीम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की।

# गुरू बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए गंभीरता से कार्य करें : तीरथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** राजकीय शिक्षक संघ पंचम द्विवार्षिक अधिवेशन एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने राजकीय आर्दश इंटर कॉलेज पौड़ी नगर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कार्यक्रम का शुभांरभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति भी दी गई। सांसद ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा तथा उन्हें अच्छे संस्कार एक गुरू ही दे सकता है। इसलिए हर गुरू को बच्चों के बेहतर भविष्य के बारे में गंभीरता से कार्य करना चाहिए, जिससे क्षेत्र का नाम ही नहीं विद्यालय व गुरू का नाम भी रोशन होगा।

गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि गुरू शब्द अपने आप में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं को एक गुरू ही अच्छे संस्कार देता है। कहा कि जो अधिकारी बड़े-बड़े पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन सब ने भी सरकारी स्कूलों से ही अपनी शिक्षा प्राप्त की है। कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में हर तरह की सुविधा दी जा रही है। जिससे बच्चों को पठन-पाठन करने में आसानी होती है। उन्होंने वहां उपस्थित सभी अध्यापकों को कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन को लेकर कैसे माहौल बनाना है उसके लिए विशेष तैयारी करें, जिससे बच्चों को भविष्य के लिए तैयार किया जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनंद भारद्धाज, जिला शिक्षाधिकारी रामेंद्र कुशवाहा, प्रधानाचार्य विमल चंद्र बहुगुणा, राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष जयदीप रावत, जिला महामंत्री मनमोहन चौहान, संरक्षक मेहरबान सिंह भंडारी, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रावत, संयुक्त मंत्री राजेश कुकरेती सहित अन्य अधिकारी व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद तीरथ सिंह रावत।

# सभ्य समाज की अवधारणा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक आहार युक्त भोजन एवं बेहतर स्वास्थ्य जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** पंचायत राज निदेशालय उत्तराखंड देहरादून के तत्वधान में प्रयास स्वयंसेवी संस्था डाकपत्थर के द्वारा जनपद पौड़ी के विकासखंड कोट की न्याय पंचायत बालमना के गांव जामना खाल में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों हेतु सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया है। इस मौके पर संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह पंवार ने सभ्य समाज एवं आर्थिक विकास की परिकल्पना को साकार करते हुए आह्वान कहा कि सभ्य समाज की अवधारणा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पौष्टिक आहार युक्त भोजन एवं बेहतर स्वास्थ्य का होना अति आवश्यक है। उन्होंने प्रचलित संस्कारित परंपराओं का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारों की प्रति लोगों को जागृत करने के लिए इन परंपराओं का निर्वहन करना सभी के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम का शुभारंभ वीपीडीओ अनिल नौटियाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को ग्राम पंचायत की विकास योजना में शामिल करें। इस अवसर पर सोनू कुमार ने क्लाइमेट चेंज लाइफ एंड लैंड धरती पर जीवन की परिकल्पना को समझाते हुए बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हो रहे जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रही हमारी आर्थिक व्यवस्था को सुधार करने के लिए इस विषय में काम करने की अति आवश्यकता है। आज बेमौसम बारिश तथा गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। पर्यावरण को सुरक्षित केवल वृक्षारोपण एवं कार्बन उत्सर्जित करने वाले यंत्रों का कम प्रयोग करके ही किया जा सकता है।

सचिन कुमार ने अवस्थापना विकास अधिकरण नवाचार एवं कम असमानताएं पैदा करने के लिए इस विषय पर काम करने को प्रेरित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह, श्रीमती आशा देवी, रजनी देवी, बबली देवी, रामेश्वरी देवी, संदीप सिंह, श्रीमती महेश्वरी, रीना देवी, रवीना देवी, विमला देवी, रेखा, पूनम, सुभाष आदि मौजूद थे।



न्याय पंचायत बालमना के गांव जामना खाल में प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता।

## थलीसैंण पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

पौड़ी : जिले में फरार चल रहे वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा कस रहा है। थलीसैंण पुलिस ने 4 महीने से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। वारंटी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।थानाध्यक्ष थलीसैंण सतेंद्र भंडारी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर थाना थलीसैंण में पंजीकृत एक मामले में अभियुक्त सूरज रावत पुत्र रविन्द्र रावत 33 साल, निवासी रिखाड़ गुडिण्डा, बीरोंखाल को थलीसैंण क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह वारंटी बीते 4 महीने से फरार चल रहा था और बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। बुधवार को वारंटी को थलीसैंण क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। फरार अभियुक्त सूरज रावत को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक दीपारानी, राज सिंह, निरंजन कुमार आदि शामिल थे।

# ग्रामीणों ने गुलदार के शावक को पकड़ा



बागेश्वर : जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे लगे मेहनरबूंगा के जंगल में ग्रामीणों ने एक गुलदार के शावक को पकड़ लिया। इसके बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। इसके बाद पशुपालन विभाग की टीम से शावक की जांच कराई और उसका उपचार किया। उपचार के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह करायत ने बताया कि बुधवार की शाम उन्हें सूचना मिली की जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे के जंगल में ग्रामीणों ने एक गुलदार के शावक को पकड़ा है। सूचना के बाद वह वन कर्मियों समेत मौके पर पहुंचे। उन्होंने शवक को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद पशुपालन विभाग के डॉक्टरों ने उसके स्वास्थ्य की जांच की। उपचार के बाद उसे जंगल में छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा बताया कि शावक की उम्र ढाई महीने है। संभवतया वह अपने कुनबे से किसी तरह रास्ता भटककर अलग हो गया है। जहां से ग्रामीणों ने उसे पकड़ा उसके पीछे के जंगल में उसे छोड़ा जाएगा, तांकि वह कुनके साथ पहुंच जाए। (एजेंसी)

## धोखाधड़ी का आरोपी को छत्तीसगढ़ से किया गिरफ्तार

पिथौरागढ़ : पुलिस ने धोखाधड़ी के एक आरोपी को छत्तीसगढ़ से पकड़ा है।

बुधवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते सितंबर को नगर के जगदीश पुनेड़ा ने कोतवाली में तहरीर दी।

उनके मुताबिक एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें कॉल करके इन्वेस्टमेंट कराने व अधिक फायदा दिलाने का झांसा देकर 12 लाख 80 हजार ठग लिए। जांच के दौरान छत्तीसगढ़ निवासी शैलेन्द्र बघेल का नाम सामने आया।

पुलिस ने बीते रोज उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम में एसआई प्रवीण सिंह, कांस्टेबल जरनैल सिंह, राजू पुरी शामिल रहे। (एजेंसी)

# जिला जेल बनाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन



चम्पावत : छमनियां चौड़ में जिला जेल बनाने का विरोध बढ़ता जा रहा है। खैसकांडे के ग्रामीणों ने जिला जेल के विरोध में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि अगर जल्द प्रशासन ने अपना फैसला नहीं बदला तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बुधवार को सुंई खैसकांडे गांव के लोगों ने अर्धनग्न होकर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गहरा आक्रोश जताया।

उन्होंने जेल के विरोध में नारे लगाए। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन ने बीते दिनों छमनियां में जिला जेल के लिए जमीन की तलाश की है। उन्होंने कहा कि जहां पर प्रशासन ने जमीन देखी है। वहां पर गोचर पनघट है। ग्रामीणों ने कहा कि चम्पावत जिले की जेल जिला मुख्यालय में बननी चाहिए। लोगों ने कहा कि शासन–प्रशासन को अगर छमनियां में विकास करना है तो कृषि विज्ञान केंद्र को महाविद्यालय का दर्जा, राजकीय पॉलीटेक्निक के पास इंजीनियरिंग कॉलेज, पैराग्लाइडिंग का हब को विकसित करे न कि जेल को। इधर ग्राम प्रधान भुवन चौबे ने बताया कि अगर छमनियां में प्रशासन ने जबरन जिला जेल बनाने की कवायद करता है तो समस्त क्षेत्रवासियों के साथ ग्रामीण और जनप्रतिनिधि सड़कों पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होंगे। जिला जेल के विरोध प्रदर्शन में केशव दत्त चौबे, नेत्र बल्लभ, नारायण दत्त, गणेश चौबे, राजेश चौबे, नवीन चौबे, मथुरा दत्त, प्रकाश डुंगरिया, देवकी नंदन, मदन मोहन, प्रयाग दत्त, केदार दत्त, घनश्याम चौबे, कीर्ति बल्लभ, शंकर दत्त, उर्वा दत्त चौबे, त्रिलोचन चौबे, भवान सिंह, हर सिंह, रवि चौबे आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पशु मित्रों ने नियुक्ति और मानदेय की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



चम्पावत : आरसेटी चम्पावत से प्रशिक्षण प्राप्त पशु मित्रों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। उन्होंने सरकार से शीघ्र नियुक्ति और मानदेय देने की मांग की।

बुधवार को पशु मित्र पंकज कुमार के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया। कहा कि आरसेटी ने जिले के 30 युवाओं को बीते साल 60 दिवसीय प्रशिक्षण दिया था। प्रशिक्षण में पशुओं का प्राथमिक उपचार, कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण से सम्बन्धित सामान्य जानकारी पशु चिकित्सकों ने प्रदान की गई। सभी प्रतिभागियों को जिले के दूर–दराज क्षेत्रों में खाली पड़े पदों पर नियत मानदेय के आधार पर नियुक्त देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन न तो उन्हें नियुक्ति मिली और न ही मानदेय। कहा कि सरकार उनकी योग्यता के अनुसार पशुपालन विभाग में संविदा के पर नियुक्ति दे। यहां रमेश चंद्र भट्ट, भूमिका पुजारी, गीता मेहरा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कमस्यार महोत्सव 16 दिसम्बर से

बागेश्वर : कमस्यार महोत्सव समिति के पदाधिकारी बुधवार को जिलाधिकारी बागेश्वर से मिले। 16 दिसंबर से तीन दिन तक चलने वाले को होने वाले कमस्यार महोत्सव के आयोजन को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सरकारी स्टॉल लगवाने, पुलिस बल तैनात करने, सूचना विभाग से पंजीकृत सांस्कृतिक दल भेजने की मांग की।

समिति के संरक्षक गोविंद भंडारी के नेतृत्व में कमस्यार के लोग जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां जिलाधिकारी अनुराधा पाल से मुलाकात की। उन्हें क्षेत्र में होने वाले कमस्यार महोत्सव के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि गत वर्ष दो दिन का महोत्सव हुआ। इस बार लोगों की मांग पर एक दिन और बढ़ा दिया है।

# बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर दिया जोर

चम्पावत : डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने महिलाओं के उत्थान के लिए जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए। जिला टास्क फोर्स की बैठक में उन्होंने बाल विवाह रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

कलक्ट्रेट सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने जिले में महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए सभी ने जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत अलग–अलग माध्यमों से जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विभाग, संगठन और संस्थाओं को दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करने को कहा। डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को एनजीओ के साथ मिल कर महिलाओं व बालिकाओं के स्किल डेवलपमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। बाल विवाह रोकने के लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मदद लेने को कहा। बैठक में जिला विधिक प्राधिकरण सचिव हेमंत राणा, सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत, एपीडीवी विम्मी जोशी, डीपीओ राजेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

अल्मोड़ा : जिला युवा कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तरीय खेल महाकुंभ जारी है। बुधवार को प्रतियोगिता के तहत वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विकासखंडों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता के बालक वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में स्याल्दे और ताड़ीखेत के बीच क्वाटर फाइनल खेला गया। फुटबाल प्रतियोगिता में ताड़ीखेत और हवालबाग के बीच प्रथम मैच खेला गया। इस मौके पर युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विक्रांत चौधरी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी टीएस गड़िया, अशोक कुमार, सोनू, अवनीश संदीप, पंकज टम्टा, सोबन सिंह कनवाल, गोविंद सिंह बिष्ट, सुरेंद्र वमा, दीपक वर्मा, दीपक शाही, धन सिंह धौनी, नवीन वर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# लोगों से सेवा के कार्य तेजी से करने का आह्वान किया

पिथौरागढ़ : सीएचसी धारचूला के सभागार में ब्लॉक स्तरीय आशा संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख धन सिंह धामी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीएचसी प्रभारी डॉ. एमके जयसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में क्षय रोग नियंत्रण, तंबाकू नियंत्रण पर गोविंद बिष्ट ने जानकारी दी। एटीएस, एनसीडी स्क्रीनिंग, अंधता निवारण पर डॉ. अमीर आलम, विनीता खैर ने बताया।

गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव, मातृत्व स्वास्थ्य, टीकाकरण पर एएनएम रेखा बिष्ट ने जानकारी दी। शिशु स्वास्थ्य पर आयशा खातून आशा फैसिलिटेटर ने जानकारी दी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम पर डॉ. गोतेंद्र सिंह तथा किशोर ने बताया। किशोरी स्वास्थ्य पर प्रेमा ने जानकारी दी। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख धामी ने स्वास्थ्य कर्मियों की दूरस्थ सीमांत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सराहना की। उन्होंने लोगों से सेवा के कार्य को और तेजी से करने का आह्वान किया । संचालन राम शब्द यादव ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जीवन ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव सिंह धामी, आशा समन्वयक सपना राणा, डॉ. चेतन, गंभीर सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## पंत विवि का वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी संग अनुबंध

रुद्रपुर। पंतनगर विश्वविद्यालय ने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (ऑस्ट्रेलिया) के साथ अनुबंध किया है। जिसका उद्देश्य पंतनगर विवि के छात्रों को वैश्विक स्तर पर गुणवत्तायुक्त शोध की सुविधा प्रदान कराना है। बुधवार को पंतनगर विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि उन्होंने प्रोफेसर बार्न ग्लोवर कुलपति एवं अध्यक्ष वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया के साथ हस्ताक्षरित करार किया। बताया कि यह अनुबंध वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के एसडीजी फोरम के विषय ह्यपार्टनरशिप विद इम्पैक्ट–एडवान्सिंग विद एसडीजी के तहत नई दिल्ली में हस्ताक्षरित किया गया। इस अनुबंध के तहत चुनिंदा विषयों के इच्छुक स्नातकोत्तर एवं परास्नातक विद्यार्थी वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया में अपने उपाधि शोध का अंशपूर्ण करने के साथ–साथ दोहरी उपाधि के लिए पंजीकरण कर सकेंगे।

## मत्स्य पालन से सुधरेगा जीवन स्तर

चम्पावत : राष्ट्रीय मत्स्यजीवी सहकारी संघ ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मत्स्य पालन से होने वाले लाभ की जानकारी दी। केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। बुधवार को चम्पावत में एससी वर्ग के लोगों को मत्स्य पालन की जानकारी दी। दिल्ली से आए मार्केटिंग मैनेजर दौलत राम ने केंद्र सरकार और एनएफडीबी की ओर से चलाई जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। कहा कि मत्स्य पालन से जीवन स्तर में सुधार किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मत्स्य योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और मछुवारों के लिए चलाई जा रही सामूहिक दुर्घटना वीमा योजना के बारे में भी जानकारी दी गई।

# कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए काम करें

चम्पावत : भाजपा के जिला प्रभारी विकास शर्मा ने कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की।

बुधवार को चम्पावत पार्टी कार्यालय में जिला प्रभारी विकास शर्मा और सह जिला प्रभारी गणेश भंडारी ने कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से भविष्य में होने वाले निकाय, पंचायत और लोक सभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने को कहा। उन्होंने संगठन को धार देने के लिए सभी से मिल कर कार्य करने को कहा। सह प्रभारी ने कहा केंद्र और राज्य सरकार मिल कर जनता के हित में कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा ने संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। नगर अध्यक्ष कैलाश अधिकारी के संचालन में हुई बैठक में ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, कनिष्ठ प्रमुख मोनिका बोहरा, पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा, रामदत्त जोशी, अंबादत्त फुलारा, श्याम पांडेय, देवीदत्त जोशी, हरीश मिश्रा, शंकर खाती, हरीश पांडेय, प्रकाश तिवारी, मुकेश महराना, मुकेश कलखुड़िया, गोविंद सामंत, दलीप महर, जगदीश पनेरू, महेश पंगरिया, राजू नरियाल, निर्मला अधिकारी, गंगा खाती, मणिप्रभा तिवारी, सुनील पुनेठा, मुकुल ढेक, गौरव पांडेय, निर्मला पांडेय, प्रकाश पांडेय, सूरज प्रहरी, विकास शाह, रोहित बिष्ट समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पानी की समस्या पर आमरण अनशन की चेतावनी दी

पिथौरागढ़ : पौसा पोस्तोला में पानी की समस्या से परेशान पूर्व बीडीसी सदस्य ने आमरण अनशन की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि गोरघटिया पेयजल योजना से पौसा गांव के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हयात सिंह डसीला ने एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर तक गांव में पाइप लाइन डाले जाने के बाद भी पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि गांव की वृद्ध महिला के घर तक अभी तक पाइप लाइन नही बिछाई गई है। जल निगम ने वर्ष 2018 से योजना का कार्य किया अभी तक लोगों को पेयजल की समस्या से निजात नही मिल पाया है। विभागीय अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित रूप में देने के बाद भी विभाग सुध नहीं ले रहा।

# डामरीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : धर्मघर–पांखू सड़क में छह माह हुए डामरीकण के जगह-जगह उखड़ने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि डामरीकरण के दौरान मानकों की अनदेखी हुई है। परिणाम स्वरूप सड़कों में फिर से गड्ढे बन गए हैं। पांखू बाजार में बुधवार को ग्रामीण एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग बेरीनाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि बीते मई के दौरान धर्मघर से पांखू के बीच करीब चार किमी सड़क में डामरीकरण किया। लेकिन छः माह के भीतर ही सड़क में जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं। इससे दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। पांखू–कोटमन्या सड़क की भी कुछ यही स्थिति है। राजू जोशी, विजेंद्र आर्य, दीपक उपाध्याय सहित अन्य लोगों का कहना है कि विभाग डामरीकरण में भारी भरकम बजट खर्च करा है, बावजूद इसके सड़कों में डामर छह माह भी नहीं टिक रहा। यह जनता के धन का दुरुप्रयोग है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच करने की मांग की है। (एजेंसी)

## कुष्ठ आश्रम में नये कमरों का शिलान्यास

रुद्रपुर। किच्छा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में नये कमरों के साथ ही बरामदा और शौचालय आदि निर्माण कार्यों का मेयर रामपाल सिंह, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता, अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रसेन कोली एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने शिलान्यास किया। बुधवार को मेयर ने कहा आश्रम में कुष्ठ रोगियों के लिए कमरों के साथ ही शौचालय एवं बरामदे की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का बाजपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत

### कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा जीतेगी सभी चुनावः सुखीजा

काशीपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा का जिलाध्यक्ष बनने के बाद बुधवार को पहली बार बाजपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। चीनी मिल गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ में लेकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठनात्मक पार्टी है। जो पन्ना प्रमुख से चलती है। आने वाले प्रत्येक चुनाव में पन्ना प्रमुखों की मेहनत के सहारे एवं कार्यकर्ताओं की एकजुटता के बल पर भाजपा सभी चुनाव में विजयश्री हासिल करेगी। पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि गुंजन सुखीजा के रूप में हाईकमान ने कार्यकर्ताओं को एक बेहतर जिलाध्यक्ष दिया है। संचालन वीरेंद्र बिष्ट ने किया। यहां विकास गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुखदेव सिंह नामधारी, गोपाल कोछड़, विमल शर्मा, कमल भट्ट, यशपाल राजहंस, उमा जोशी, राजू पंडित, जयंत जैन, हरजसपाल सिंह हैरी, गौरव शर्मा, अनंत जैन, बिट्टू चौहान, डॉ. मोहन पांडे, प्रमोद दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## पंचायत प्रतिनिधियों व कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

पिथौरागढ़ : पंचायतीराज निदेशालय के तहत एसडीजी गोल के स्थानीयकरण पर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों तथा रेखीय विभागों के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

मूनाकोट विकास खंड के न्याय पंचायत कुमलतानगर, विकास खंड कनालीछीना के न्याय पंचायत पुखरोड़ा, विकास खंड पिथौरागढ़ के न्याय पंचायत भुरमुनी में आयोजित प्रशिक्षण में समाजिक संस्था सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया पिथौरागढ़ के मास्टर ट्रेनर्सों ने सतत् विकास के लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दो दिन में नौ लक्ष्यों का पाठ पढ़ाया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# नाबालिग छात्रा ने फांसी लगा दी जान

काशीपुर। परिजनों की डांट–फटकार से नाराज नाबालिग छात्रा ने दुपट्टे से फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर, छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

छात्रा सात भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी। मंगलवार रात कुंडा थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर, बसई निवासी गोसिया (15) पुत्री गुलाम नबी खाना खाकर अपने कमरे में सोने चली गई। बुधवार को वह सुबह देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं आई। जिसके बाद परिजनों ने सुबह करीब 10 बजे उसके कमरे में झांक कर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। इसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इधर, सूचना पर पहुंची सीओ वंदना वर्मा और थानाध्यक्ष दिनेश फर्त्याल ने परिजनों से मामले की जानकारी ली।

बताया जा रहा है कि छात्रा ने परिजनों की डांट फटकार के चलते आत्मघाती कदम उठाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका गांव में ही स्थित मदरसे में उर्दू की पढ़ाई करती थी। वह पिछले एक महीने से पढ़ने नहीं जा रही थी। उसके पिता एक ट्रांसपोर्टर हैं। जो कि ट्रांसपोर्ट के काम से अभी पुणे गए हुए हैं। इधर, कुंडा थानाध्यक्ष दिनेश फर्त्याल ने बताया कि सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से मुंह पर दाने होने की वजह से परेशान थी।

## वन विभाग का अभियान चौथे दिन भी जारी

रुद्रपुर। लकड़ी मंडी में अतिक्रमण हटाने का अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। वन विभाग की टीम ने नोडल अधिकारी आरएस मनराल के नेतृत्व में खाल पड़े प्लाटों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की। इस दौरान वन विभाग की टीम लगातार कब्जा जमाए लोगों को प्लाट खाली करने की चेतावनी जारी करती रही।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

चम्पावत : लोहाघाट पुलिस ने 60 बोतल अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया है। एसओ मनीष खत्री ने बताया कि ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान कर्णकरायत क्षेत्र से एक किमी कुंडी मेहरा तिराहे के पास सूरज सिंह ढेक निवासी मल्ला ढेक के कब्जे से कुल 60 बोतल बरामद की गई है। पुलिस टीम में एसआई हरीश प्रसाद, कांस्टेबल दीवान राम, तुलसी भट्ट मौजूद रहे। (एजेंसी)

# हल्दी सहकारी समिति के डा. महेन्द्र सभापति व संतोष उपसभापति बने

रुद्रपुर। हल्दी मल्टी परपज सहकारी समिति लिमिटेड फूलबाग पंतनगर के निदेशक मंडल के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए। इसमें सर्वसम्मति से डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा को सभापति व संतोष कुमार को उप सभापति चुना गया। समितियों को भेजे गए प्रतिनिधि के रूप में सतीश पाल व जितेंद्र सिंह को चुना गया। निदेशक मंडल के सदस्यों के लिए एएम खान, रविन्द्र कुमार चौबे, सुनील कुमार चौधरी, रेशमा, सतीश पाल को निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद असलम ने चुनाव संपन्न कराए और सभी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। समिति के निदेशक मंडल का निर्वाचन वर्ष 2018 में होना था परंतु राजनैतिक दबाव में चुनाव स्थगित हो गये थे।

उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल के निर्देश पर वर्ष 2021 में भी माह दिसंबर में निर्वाचन की कार्यवाही प्रारंभ हुई थी। फिर से निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दबाव में चुनाव को रद्द कर दिया। समिति के सदस्य डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी और अवमानना नोटिस सहकारी विभाग को भेजा। इसके बाद निर्वाचन की रुकी हुई कार्यवाही प्रारंभ हुई। 29 नवंबर को निदेशक मंडल की घोषणा हुई और 30 नवंबर को सभापति, उप सभापति और अन्य समितियों को भेजे जाने वाले सदस्यों के निर्वाचन की कार्यवाही पूर्ण हुई। नवनिर्वाचित सभापति डॉ. शर्मा ने कहा कि मजदूरों/कर्मचारियों के हित में समिति निर्णय लेगी, सहकारिता विभाग की योजनाएं भी विश्विद्यालय कार्मिकों के लिए लाने के प्रयास किए जाएंगे। इस लम्बी लड़ाई में विशेष सहयोग देने वाले किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, सुभाष बेहड़, जनार्दन सिंह, एनएस बिष्ट, डॉ गणेश उपाध्याय, प्रदेश सचिव विनोद कोरंगा, राज नरेंद्र सिंह, राज पाल सिंह, जितेंद्र शर्मा, हकीम, जुबैर खान, राजेश कुमार, आदि का आभार प्रकट किया।

## प्रेम अध्यक्ष तो सुरेंद्र बनें महासचिव

अल्मोड़ा : उत्तराखंड एससी, एसटी इम्पलाइज फेडरेशन की ओर से बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रेम चंद्र को फेडरेशन का अध्यक्ष और सुरेंद्र सिंह महासचिव चुना गया।

# कार्यों में गुणवत्ता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए : डीएम



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान जनपद स्तरीय चयन समिति की बैठक लेते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला पर्यटन अधिकारी और लीड बैंक अधिकारी को निर्देशित किया कि दीन दयाल उपाध्याय आवास (होम स्टे) योजना तथा वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना के अंतर्गत अनुमोदित किये गये मद के सभी कार्य धरातल पर दिखने चाहिए। कार्यों में गुणवत्ता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि सारे लोन वाले कार्य समय से पूर्ण होने चाहिए तथा मानक के अनुरूप कार्य होना चाहिए। जिस उद्देश्य से योजना में आवेदन स्वीकृत किये गये हैं। पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, पलायन रोकथाम करना तथा स्वरोजगार देना वे लक्ष्य पूर्ण होने चाहिए।जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दीन दयाल उपाध्याय आवास (होम स्टे) योजना तथा वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। चयन समिति द्वारा दोनों योजनाओं के अंतर्गत राजकीय सहायता-अनुदान-ब्याज सब्सिडी के माध्यम से होम स्टे के अंतर्गत पर्यटन और स्वरोजगारपरक आवास निर्माण तथा वीर चंद्रसिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार के अंतर्गत वाहन और गैर वाहन मद में लाभार्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार लिया गया। उसके उपरानत आवेदन की औपचारिकताएं चैक करते हुए सही पाये गये आवेदनों का अनुमोदन किया गया। समिति द्वारा लाभार्थियों के कार्य करने के पूर्व अनुभव लिये गये प्रशिक्षण, स्वरोजगारपरक कार्य का क्षेत्र विशेष में सफल संचालन तथा जरूरी औपचारिकताओं को पूरा करने से संबंधित बातों को ध्यान में रखकर लाभार्थियों का चयन किया। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत विभाग को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत मैप अप्रुवल की कार्यवाही शीघ्रता से पूरी करें। उन्होंने लीड बैंक अधिकारी और पर्यटन अधिकारी को सभी लाभार्थियों का एक कम्बाइन्ड वट्सएप्प ग्रुफ बनाकर उनको जरूरी सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस लाभार्थी की अंतिम रूप से सभी औपचारिकताएं पूरी हो जाती है तभी उनको ग्रुफ से हटाएं, ताकि कार्यों में तेजी आ सके। इस दौरान होमस्टे योजना में 14 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 2 लोग अनुपस्थित रहे तथा 12 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। इसी तरह वीर चंद्रसिंह गढवाली स्वरोजगार योजना में वाहन मद के अंतर्गत कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से एक आवेदनकर्ता अनुपस्थित रहा तथा एक आवेदन निरस्त हुआ व 9 आवेदन अनुमोदित हुए। इसी तरह गैर वाहन मद में कुल 5 आवेदन आये थे तथा पांचों आवेदनों का अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, लीड बैंक अधिकारी अनील कटारिया, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, परिवहन कर अधिकारी आंनद वर्धन, जिला पंचायत अभियंता ईश्वर चंद, जिला उद्योग केंद्र से आरसी उनियाल सहित संबंधित आवेदक उपस्थित थे।

# रैली के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी



राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में नशे के खिलाफ रैली निकालते हुए प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में स्थापित एंटी ड्रग क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार को "नशा रोधी" जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नशा, मद्यपान, धूम्रपान, नशीली दवाइयों आदि से युवाओं को दूर रहने की सलाह दी। रैली का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पवार ने किया। रैली महाविद्यालय के मुख्य गेट से प्रारंभ हुई एवं कालाबड़ क्षेत्र से होते हुए मुख्य बाजार से वापस टाटा मोटर से होते हुए महाविद्यालय में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्रों ने "नशे को भगाना है देश को बचाना है" सहित अन्य नारे लगाकर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति किसी एक व्यक्ति को नशे से दूर करता है तो उन दोनों का जीवन सफल और सुफल हो जाता है। क्योंकि हम मनुष्य हैं इसलिए हमारा सबसे बड़ा दायित्व देश समाज के लिए होना ही चाहिए। एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डॉ. जुनिश कुमार ने कहा कि हमारे जीवन का मुख्य लक्ष्य रोजगार से पहले देश के हित में कार्य करना है। हमें नशे की लत से लोगों के जीवन को बचाना है। इस मौके पर प्रोफेसर एमडी कुशवाहा, प्रोफेसर पीएन यादव, प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल, प्रोफेसर रमेश सिंह चौहान, प्रोफेसर आदेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर प्रवीण जोशी, डॉ. नीता भट्ट, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. सुरभि मिश्रा, डॉ. मुकेश रावत, डॉ. सुरेखा घिल्डियाल, डॉ. सुषमा थलेडी, डॉ. भागवत रावत, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. हीरा सिंह, डॉ. नवरत्न सिंह, डॉ. सरिता चौहान, डॉ. किशोर चौहान, डॉ. रोशनी असवाल, डॉ डीएस चौहान, डॉ. चंद्रप्रभा भारती, डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. अनीता बिष्ट, डॉ. शोभा रावत, डॉ. मानसी वत्स, डॉ. अरुणिमा मिश्रा, डॉ. संत कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. सुशील बहुगुणा, डॉ. अंकेश चौहान, डॉ. चंद्रप्रभा कंडवाल, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. हरीश प्रजापति, डॉ. तृप्ति दीक्षित, डॉ. स्मिता तिवारी, डॉ. सूर्यमोहन गौड़ आदि मौजूद थे।

# रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को बद्रीनाथ पहुंचकर मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में मशीनें व मैनपावर लगाते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए।

रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। मंदिर परिसर के सौन्दर्यीकरण कार्यों को भी शीघ्र शुरू किया जाए। कही पर समस्या है, तो उसको तत्काल संज्ञान में लाया जाए। जिलाधिकारी ने तहसील प्रशासन और पीआईयू को बद्रीनाथ में अवस्थापना सुविधा स्थापित करने हेतु शीघ्र प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए। ताकि अगले सीजन में यात्रियों का आवागमन सुचारू रहे और किसी भी यात्री को असुविधा का सामना न करना पड़े। बद्रीनाथ धाम में बीआरओ बाईपास, ब्रदीश झील व शेष नेत्र झील का सौन्दर्यीकरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जबकि अराइवल प्लाजा, वन वे लूप रोड़, अस्पताल विस्तारीकरण तथा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य तेजी से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, एसडीएम कुमकुम जोशी, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, ईओ सुनील पुरोहित सहित कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## प्राचार्य ने टीवी रोगी को लिया गोद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की प्राचार्य सहित रोवर्स/रेंजर्स, एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारियों ने एक-एक टीवी रोगियों को गोद लिया। इस मौके पर टीवी रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित किये गये।

बुधवार को राजकीय संयुक्त चिकित्सालय कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने अभियान को सराहनीय बताते हुए एक टीबी रोगी को गोद लिया तथा उसके स्वास्थ्य की देख रेख का संकल्प लिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से इस अभियान को सफल बनाने हेतु संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही प्राध्यापक एवं छात्र–छात्राओं को निःक्षय मित्र बनने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर रेजर्स प्रभारी डॉ. सुषमा भट्ट थलेड़ी, रोवर्स प्रभारी डॉ. नवरत्त सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र चौहान, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रोशनी असवाल एवं डॉक्टर सरिता चौहान उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता के निधन पर जताया शोक

श्रीनगर गढ़वाल : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंद सिंह कंडारी (82) के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने गहरा दुःख जताया है।

बुधवार को अल्केश्वर घाट पर उनकी अन्त्येष्टि की गई। इस दौरान लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। शोक जताने वालों में दुःख व्यक्त करने वालों में पूर्व शिक्षा एवं पेयजल मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, कांग्रेस कीर्तिनगर ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर सिंह भंडारी, पीसीसी मोहनानंद डोभाल, सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश बिष्ट, मीडिया प्रभारी लाल सिंह नेगी, वाईएस पंवार, जीत सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# सड़कों को दुर्घटना रहित बनाने के लिए काम करें : डीएम

नई टिहरी : सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक डीएम डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने सड़कों को दुर्घटना रहित बनाने के लिए काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़कों के ऊपर जो पत्थर खतरा बने हुये हैं तथा जिन स्थानों पर टर्न प्वांइट हैं, उन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाय। जनपद क्षेत्रान्तर्गत पालाग्रस्त क्षेत्रों को चिह्नित कर चूना और नमक का छिड़काऊकरना सुनिश्चित करें। व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर दैनिक कार्य प्रगति की रिपोर्ट ग्रुप में शेयर करें। एआरटीओ को निर्देश दिये कि वाहनों में ओवर लोडिंग न होने दी जाय।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 में सबसे अधिक 12 दुर्घटना एनएच-58 पर हुई हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम कीर्तिनगर, एनएच–58 के अधिकारियों, लोनिवि, एआरटीओ तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों की एक सर्वे टीम गठित कर एनएच–58 का सर्वे करने तथा एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने सर्वे टीम को सड़क पर पड़े मलबा, क्रॉस बैरियर, पैराफिट, स्लाइड जोन, डेन्जर जोन तथा मोडो पर तीव्र ढाल वाले स्थानों का निरीक्षण कर फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने को कहा, जिस पर आगामी बैठक में उचित कार्यवाही की जा सके।

बैठक में एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि एनएच–58 मुनिकीरेती–देवप्रयाग के मध्य कई स्थानों पर मलबे के ढेर लगा होना, पैराफिट के टूटे होना तथा कीर्तिनगर और मुनिकीरेती में कैमरे लगाने की मांग की। जिस पर डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। डीएम ने विवेकाधीनकोष से कीर्तिनगर और मुनिकीरेती क्षेत्र में कैमरे लगाये जाने की अनुमति दी। बैठक में एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, एसडीएम देवेंद्र नेगी सहित अन्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया

नई टिहरी : संस्कृत अध्यापक संघ पौड़ी की ओर से आयोजित बौद्धिक व खेल प्रतियोगिता में श्री रघुनाथ कीर्ति आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, देवप्रयाग के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। पौड़ी जिला स्थित स्वर्गाश्रम संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों द्वारा अपने वेतन से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए 2018 से बौद्दिक व खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं।

संस्कृत महाविद्यालय देवप्रयाग के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेंद्र नारायण कोटियाल ने बताया कि संसाधनों के अभाव के बाबजूद छात्रों द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जूनियर वर्ग ऊंची कूद में संयम भट्ट ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अष्टायायी सूत्र पाठ में मनीष पंचपुरी ने द्वितीय व श्री सुक्त पाठ में अमन भट्ट ने तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट छात्रों को पूर्व संस्कृत शिक्षा सचिव भूपेंद्र नेगी, उप सचिव डॉ. वाजश्रवा आर्य, उप निदेशक डॉ. पदमाकर मिश्रा ने सम्मानित किया गया। (एजेंसी)

## जखोली ब्लॉक के धनकुराली में पांडव लीला शुरू

रुद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत धनकुराली में पाण्डव लीला का शुभारंभ हो गया है। देव निशान व पाण्डवों के अस्त्र शस्त्र पूजन के साथ ही करीब 15 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हो गया है। प्रधान धूम सिंह राणा ने बताया है कि हर तीसरे साल आयोजित होने वाली पाण्डव लीला को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह बना रहता है। उन्होंने बताया कि 15 दिनों तक आयोजित होने वाली पाण्डव लीला के दौरान गैण्डा वध,मोरु नारायण कोथीग,भीष्म पितामह,दर्योधन वध सहित कई लीलाओं का मंचन किया जायेगा। जिसको लेकर ग्रामीण युवा कलाकार पूर्वाभ्यास में जुटे हैं।

## जिले में 7 को रहेगा अवकाश

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद में आगामी 7 दिसम्बर को अनुसूया मेला अवकाश रहेगा।

प्रभारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूया मेला 6 व 7 दिसम्बर को होना है इसलिए पूर्व घोषित अवकाश 8 दिसम्बर के स्थान पर अब 7 दिसम्बर को अनुसूया मेला अवकाश रहेगा।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल के प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रकाश चन्द्र अंकित है, जबकि इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रकाश चद्र जोशी अंकित है। मेरा सही व वास्तविक नाम प्रकाश चन्द्र जोशी है। प्रकाश चन्द्र एवं प्रकाश चन्द्र जोशी दोनों मेरे ही नाम है। मेरा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**प्रकाश चन्द्र जोशी पुत्र श्री भगवती प्रसाद जोशी निवासी सिद्धबली मार्ग कोटद्वार गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**(0704/25)**


# जनपद स्तर पर होगा महिला मित्र प्रकोष्ठ का गठन



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ''कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न कानून'' से जुड़े प्रावधानों के क्रियान्वयन के संबंध में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी महिला या पुरूष महिला सुरक्षा के संबंध में बेहतर कार्य करते हैं उनको प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार-सम्मान दिया जाय। उन्होंने शिक्षा विभाग को ड्राप आउट हुई बालिकाओं की उसका कारण सहित विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जहां महिला कार्मिकों की संख्या औसतन है वहां आन्तरिक शिकायत निवारण समिति शीघ्र गठित करें। जनपद स्तर पर महिला मित्र प्रकोष्ठ का भी तत्काल गठन किया जाय। उन्होंने पुलिस विभाग को ऐसे स्थानों जहां पर महिला सुरक्षा की दृष्टिगत स्ट्रीट लाइट लगाई जानी है, उनको परिवहन विभाग के साथ चिन्हित करते हुए उसकी रिपोर्ट दें। संबंधित नगर पालिका और उरेड़ा विभाग से वहां पर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु डीपीआर तैयार करवायी जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे सभी विभागों जहां पर महिला कार्मिकों की संख्या 10 या इससे अधिक है वहां पर पृथक महिला शौचालय और पृथक महिला अस्थायी स्टे रूम हो। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालय में तैनात महिला कार्मिकों का विवरण प्रस्तुत करने, सभी महिलाओं को अनिवार्य रूप से महिला गौरा शक्ति एप्प 7 दिन के भीतर डाउनलोड करवाते हुए कृत कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने एएनएम, एनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, नर्सेज, महिला पटवारी, महिला ग्राम विकास अधिकारी व महिला ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, महिला प्रधानों इत्यादि से अनिवार्य रूप से गौरा शक्ति एप्प डाउनलोड करवाकर अनिवार्य पंजीकरण करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, चिकित्सा विभाग, पूर्ति विभाग इंजीनियरिंग कॉलेज, पुसिल विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम्य एवं पंचायतीराज आदि विभाग जहां महिला कार्मिक सर्वाधिक हैं उन विभागों में महिला सुरक्षा कानून का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विशेष फोकस करने के निर्देश दिये। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार, आरटीओ अनिता चंद, उद्योग विभाग से आरसी उनियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 12 दिसंबर से चलेगा टीकाकरण अभियान



चमोली : जनपद में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए दिसंबर, जनवरी तथा फरवरी महीने में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन चरणों में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजीव शर्मा और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एमएस खाती ने बताया कि क्षेत्रीय एएनएम द्वारा बुधवार, शनिवार एवं रविवार को छोड़कर अन्य नियत दिवस पर अपने क्षेत्र के सभी क्षेत्रों का भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को चिह्नित किया जाएगा और उनको टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। सभी 16 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों को नियमित टीकाकरण सारणी के अनुसार बच्चों का शत–प्रतिशत टीकाकरण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका पहला चरण दिसंबर 12, 13, 15, 16, 19 ,20 और 22 को चलाया जाएगा। दूसरा चरण जनवरी में दिनांक 12, 13 ,16, 17, 19, 20 एवं 23 और तीसरा चरण फरवरी में दिनांक 13, 14, 16 ,17, 20, 21 एवं 23 को चलाया जाएगा। (एजेंसी)

## महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

चमोली : टीएचडीसी पीपलकोटी परियोजना ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सहेली अभियान के परियोजना प्रभावित ग्राम जैसाल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

डॉ. ज्योति मोहन एवं सामाजिक कार्यकर्ता नीलम हटवाल, शैफाली राय, गौरव चौधरी और चंद्रकला देवी के मार्गदर्शन में महिलाओं और लड़कियों को मासिक धर्म, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो इत्यादि दिखाकर महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

टीएचडीसी प्रशासन की तरफ से सभी महिलाओं को सेनिटरी पैड, डस्टिंग पाउडर तथा हाइजिन वॉश सहित सेनेटिरी किट भी वितरीत की गई। टीएचडीसी के जनसंपर्क विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूकता है। साथ ही महिलाओं को अपने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति और संवेदनशील बनाना है। (एजेंसी)

## दस दिवसीय प्रशिक्षण आज से

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा विकासखंड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत मनसूना में प्रोजेक्ट उन्नति के तहत चयनित लाभार्थियों को डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कंपोस्ट बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक किशन सिंह रावत ने उक्त आशय कि जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार (01 दिसंबर) से आयोजित होने वाले 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग कर प्रशिक्षाणर्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों से प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करने की अपील की है।

## 216 छात्र-छात्राओं को दी शिक्षण सामग्री

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तरोदय दिल्ली संस्था की ओर से कीर्तिनगर ब्लॉक के नौ स्कूलों में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को लेखन सामग्री (कॉपी, पेंसिल, पेन), स्वेटर व स्कूल बैग वितरित किए गए। साथ ही मेधावी छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।डायट के प्रवक्ता डा.नारायण प्रसाद उनियाल की पहल पर प्राथमिक व उ.प्रा. विद्यालय गुरूछोली, प्रावि गवाणा, प्रावि हिसरियाखाल, प्रावि सौड़ू, उप्रावि बरसोली, हाईस्कूल बरसोली, राइंका हिंसरियाखाल सहित नौ स्कूलों के करीब 216 छात्र-छात्राओं को दी गई। मदद पर अभिभावकों व स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्तरोदय संस्था के अध्यक्ष आईडी पांडेय व सचिव दिनेश जोशी का आभार व्यक्त किया। राइंका हिंसरियाखाल में आयोजित मेधावी छात्रा सम्मान कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरज सिंह बिष्ट, शिक्षक नरेंद्र बंगवाल, हरेंद्र बंगवाल, ओर से प्रत्येक साल मेधावी छात्रों-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है, जबकि जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की मदद भी की जाती है। (एजेंसी)


# कार्यालय नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 3318 / दुकान/नीलामी/विज्ञप्ति/2022-23 | दिनांक :- 30.11.2022

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटद्वार के स्वामित्व वाली दुकानें जो वर्तमान में खाली चल रही हैं। जिन्हें नियमानुसार बोली लगाकर 05 वर्ष के लिए किराये पर आवंटित किया जाना है। दुकानों की प्रीमियम की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 20/12/2022 को प्रातः 11 बजे स्थान मालवीय उद्यान पश्चिमी पार्क में सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु भारत सरकार/उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित मानकों व शर्तों का पालन करते हुए संपन्न की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति कृपया दिनांक 02.12.2022 से 17.12.2022 सांय 5 बजे तक नगर आयुक्त नगर निगम कोटद्वार के नाम रूपये 50,000/- की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 बंधक कर (संलग्न एफ0डी0आर0 के साथ अपना पहचान पत्र, राशनकार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति भी संलग्न करें) जमानत राशि बोली हेतु नगर निगम कोटद्वार में जमा कर बोली में प्रतिभाग हेतु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। नीलामी में प्रतिभाग केवल वहीं व्यक्ति करेगा, जिसको निगम द्वारा टोकन जारी किया गया हों। दिनांक 17-12-2022 के बाद कोई टोकन जारी नहीं किये जायेंगे। दुकानों के आवंटन/नीलामी की शर्तें नगर निगम कोटद्वार कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस एवं कार्यालय समय पर देखी जा सकती है। नीलामी हेतु प्रस्तावित दुकानों की सूचनी निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | दुकान नं0 | दुकान का क्षेत्रफल (व0मी0) में | सर्किल रेट प्रति व0मी0 की दर से रू0 में | प्रीमियम रू0 में | किराया दर प्रति रू0 प्रति व0फि0 में | प्रति माह 05 वर्ष के लिए निर्धारित किराया रू0 में | बोली हेतु निर्धारित न्यूनतम धनराशि रू0 में | बोली में प्रतिभाग करने हेतु जमानत राशि (एफ0 डी0आर0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 3x4 | 6 | 7 3x6 | 8 | 9 |
| झूला बस्ती शॉपिंग कॉम्पलैक्स में :- | | | | | | | | |
| 1 | 3 | 11.40 | 40150 | 457710 | 150/- | 1710.00 | 457800/- | 50,000/- |
| 2 | 8 | 13.02 | 40150 | 522753 | 150/- | 1953.00 | 522800/- | 50,000/- |
| 3 | 9 | 15.15 | 40150 | 608273 | 150/- | 2273.00 | 608300/- | 50,000/- |
| 4 | 10 | 16.77 | 40150 | 673316 | 150/- | 2516.00 | 673400/- | 50,000/- |
| बद्रीनाथ मार्ग रोड ऑडोटोरियम में :- | | | | | | | | |
| 5 | 06 | 26.36 | 40150 | 1058354 | 150/- | 3954.00 | 1058400/- | 50,000/- |
| देवी रोड मोटर नगर में :- | | | | | | | | |
| 6 | 08 | 8.25 | 40150 | 331238 | 150/- | 1238.00 | 331300/- | 50,000/- |

**(अजहर अली)**
**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी,**
**कोटद्वार**
**(0702/25)**

**(किशन सिंह नेगी)**
**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी,**
**कोटद्वार**

सम्पादकीय

# आमजन से सरोकार नहीं

अपनी किसी भी मांग को मनवाने का सबसे बेहतर रास्ता आखिर क्या हो सकता है? निश्चित तौर पर यदि मुद्दे सरकारी कर्मचारियों से जुड़े हुए हो तो कर्मचारी संगठनों के बैनर पर सड़कों पर उतर कर ही सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया जाता है लेकिन एक आम आदमी जो ना तो सरकारी सेवा में है और ना ही इतना सशक्त है कि सरकार तक अपनी आवाज पहुंचा सकता है, वह आखिर कैसे अपनी आवाज बुलंद करें? उत्तराखंड में विधानसभा सत्र शुरू होने के साथ ही तमाम कर्मचारी संगठनों से लेकर सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े संगठन सरकार की आंखें खोलने के लिए विधानसभा कूच करते हैं। विधानसभा का सत्र आम जनता के लिए एक मुसीबत लेकर आता है जिससे ना तो सरकार को कोई सरोकार है और ना ही जिला प्रशासन को। सारी व्यवस्थाएं महज विधानसभा का सत्र बिना किसी विरोध प्रदर्शन के संपन्न कराने की कोशिश रहती है। इन कोशिशों में जगह-जगह पर बैरियर डालकर पूरे नगर का संचार तंत्र सरकारी मशीनरी के द्वारा ठप कर दिया जाता है। हालात तब और बिगड़ जाते हैं जब कोई संगठन जुलूस प्रदर्शनों की शक्ल में विधानसभा या फिर सचिवालय की ओर प्रदर्शन करने के लिए बढ़ते हैं। विधानसभा सत्र की शुरुआत के साथ ही अति विशिष्ट लोगों की सेवा में तल्लीन देहरादून पुलिस आम जनता को जानवरों की तरह खदेड़ने का काम भी शुरू कर देती है। मुख्य सड़कों से आम वाहन चालकों को गलियों में धकेला जाता है जहां से वह कहां जाए इसका कोई खाका तैयार नहीं किया जाता। विधानसभा सत्र शुरू होने के साथ ही शहर में फैलने वाली आपाधापी एवं अव्यवस्था आम जनता के मन को अंदर तक दुखी कर देती हैं। सोचने पर विवश कर देती है कि चंद मुट्ठी भर लोगों की सुविधा के लिए आखिर क्यों एक पूरी नगरिय व्यवस्था को सरकारी मशीनरी बंद कर देती है। देहरादून की जनता हमेशा सही सत्र के दौरान उन परेशानियों को झेलती है जिसकी शायद कल्पना नहीं की गई होगी। पुलिस तंत्र सत्र के दौरान जो भी ट्रैफिक प्लान तैयार करता है वह आम जनता के हित के लिए नहीं, बल्कि माननीयों के आवागमन को ध्यान में रखकर किया जाता है। जनता परेशान हो या ना हो इससे सरकार को कोई लेना देना है और ना ही विधानसभा सत्र के दौरान व्यवस्था का रोड मैप बनाने वालों को। इधर सत्र के दौरान निकलने वाले जुलूस रही सही कसर पूरी कर देते हैं क्योंकि कहीं ना कहीं शहर को जाम करना भी संगठनों ने अपने प्रदर्शन की ताकत का एक हिस्सा समझ लिया है। आम व्यक्ति जितना परेशान होगा जितना अधिक सड़कों पर जाम लगेगा समझ लो अमुक संगठन का प्रदर्शन उतना अधिक सफल रहा। राज्य सरकार को इस दिशा में चिंतन करना होगा कि महज चंद लोगों के लिए एक पूरे शहर को परेशान करना कितना न्याय संगत और व्यवस्थाओं के अनुरूप है? नित्या जनता को सुविधा और आराम देने वाली होनी चाहिए ना कि परेशानियां बढ़ाने वाली।

# शेषन की महत्ता बरकरार

विनीत नारायण

पिछले आठ वर्षो से चुनाव आयोग की कार्यशैली को लेकर विपक्षी दलों में ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर जागरूक नागरिक के मन में भी अनेक प्रश्न खड़े हो रहे थे।

सर्वोच्च न्यायालय ने अचानक चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति की फाइल मांग कर भारत सरकार की स्थिति को असहज कर दिया है पर इसका सकारात्मक संदेश देश में गया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग की विवादास्पद भूमिका पर टिप्पणी करते हुए 1990-96 में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टीएन शेषन को याद किया है, और कहा है, श्देश को टीएन शेषन जैसे व्यक्ति की जरूरत है। इत्तेफाक ही है कि पिछले कुछ वर्षो में जो भी मुख्य चुनाव आयुक्त बने या चुनाव आयुक्त बने उन सबसे मेरी अच्छी मित्रता रही है। मित्रता का लाभ उठा कर मैंने उन्हें बार-बार सचेत किया कि उनकी छवि वैसी नहीं बन पा रही जैसे शेषन की थी। अरु ण गोयल की नियुक्ति की फाइल मांगने पर सरकार का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय को ऐसा करने का अधिकार नहीं है। यहां मैं याद दिला दूं कि अपने कार्यकाल में एक समय ऐसा आया था जब शेषन को भी सर्वोच्च न्यायालय की फटकार सहनी पड़ी थी। उस दिन वे बहुत आहत थे। रोज की तरह जब मैं दिल्ली के पंडारा रोड स्थित उनके निवास पर गया तो वे मेरे कंधे पर सिर रख कर कुछ क्षणों के लिए रो पड़े थे क्योंकि उनके अहम को चोट लगी थी। मैंने उन्हें ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि आप भी संवैधानिक पद पर हैं, इसलिए आपको इसका प्रतिकार करना चाहिए पर उनके वकीलों ने उन्हें समझाया कि लोकतंत्र के हर खंबे का काम एक दूसरे पर निगाह रखना होता है। कोई भी खंभा निरंकुश होता है, तो लोकतंत्र कमजोर हो जाता है। बात वहीं समाप्त हो गई।

यहां इस घटना का उल्लेख करना इसलिए जरूरी है कि आज कार्यपालिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो टिप्पणी की है, या जो फाइल मंगाई है, उसका ठोस आधार है, और इसलिए सरकार को पूरी जिम्मेदारी से अदालत के साथ सहयोग करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी 2018 से लंबित कई जनहित याचिकाओं की संवैधानिक पीठ के सामने चल रही सुनवाई के दौरान की है। याचिकाओं में मांग की गई है कि चुनाव आयोग के सदस्यों का चयन भी कलेजियम की प्रक्रिया से होना चाहिए। इस बहस के दौरान पीठ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति जोसेफ ने कहा कि यह चयन सर्वोच्च न्यायालय के श्विनीत नारायण बनाम भारत सरकार फैसले के अनुरूप भी क्यों नहीं हो सकता है जिससे चयनकर्ता समिति में तीन सदस्य हों, भारत के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष। यह मांग सर्वथा उचित है क्योंकि चुनाव आयोग का वास्ता देश के सभी राजनैतिक दलों से पड़ता है। अगर उसके सदस्यों का चयन केवल सरकार करती है, तो जाहिरन ऐसे अधिकारियों को चुनेगी जो उसके इशारे पर चलें। वैसे तो शेषन का चुनाव भी मौजूदा प्रणाली से ही हुआ था पर तब केंद्र में अल्पमत की चंद्रशेखर सरकार थी। शायद इसलिए भी शेषन चुनाव सुधारों के लिए वो सब कर सके जो किसी एक बड़े दल के द्वारा चुने जाने पर कर पाना शायद संभव नहीं होता।

उल्लेखनीय है कि शेषन के पहले तो चुनाव आयोग का वजूद तक आम आदमी नहीं जानता था। उन दिनों चुनावों हिंसा और बूथ कैप्चरिंग आम बात हो चुकी थी। राजनीति में अचानक गुंडे और माफिया का दखल बहुत बढने लगा था जिससे देश में चिंता व्यक्त की जा रही थी। इस माहौल को बदलने के लिए शेषन ने चुनाव सुधार करने की ठानी। दरअसल, सरकारी तंत्र आसानी से कोई क्रांतिकारी काम नहीं होने देता इसलिए शेषन ने चुनाव सुधारों को मूर्त रूप देने के लिए श्थिंक टैंक के रूप में श्देशभक्त ट्रस्ट की स्थापना की जिसके अध्यक्ष वे स्वयं बने और उनकी पत्नी जयालक्ष्मी शेषन और मैं ट्रस्टी बने। ट्रस्ट का पंजीत कार्यालय हमारे श्कालचक्र समाचार के दिल्ली में हौज खास स्थित कार्यालय ही था। हमारे कार्यालय में शेषन के साथ इन विषयों पर गंभीर चर्चा करने देश भर से बुद्धिजीवी, मीडिया समूहों के मालिक, सामाजिक कार्यकर्ता उद्योगपति और वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से आते थे। शेषन और मैं लगातार देश के कोने-कोने में जा कर विशाल जनसभाओं को चुनाव सुधारों के बारे में जागृत करते थे। इस मैराथन प्रयास का बहुत अच्छा असर हुआ। शेषन के कड़े रवैये से राजनैतिक दलों में खलबली मच गई। जब शेषन दंपति एक महीने के अमेरिकी प्रवास पर थे तो नरसिंह राव सरकार ने चुनाव



**ट्रस्ट का पंजीत कार्यालय हमारे कालचक्र समाचार के दिल्ली में हौज खास स्थित कार्यालय ही था। हमारे कार्यालय में शेषन के साथ इन विषयों पर गंभीर चर्चा करने देश भर से बुद्धिजीवी, मीडिया समूहों के मालिक, सामाजिक कार्यकर्ता उद्योगपति और वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से आते थे। शेषन और मैं लगातार देश के कोने-कोने में जा कर विशाल जनसभाओं को चुनाव सुधारों के बारे में जागृत करते थे। इस मैराथन प्रयास का बहुत अच्छा असर हुआ। शेषन के कड़े रवैये से राजनैतिक दलों में खलबली मच गई। जब शेषन दंपति एक महीने के अमेरिकी प्रवास पर थे तो नरसिंह राव सरकार ने चुनाव आयोग को एक से बढ़ा कर तीन सदस्यीय कर दिया। दो नये सदस्य शेषन के पर कतरने के लिए लाए गए थे। शेषन ने अमेरिका से फोन करके मुझ से कहा, नरसिंह राव ने मेरे साथ धोखा किया है। मैं बहुत आहत हूं। क्या करूं? तुम सोच कर रखो हम अगले हफ्ते तक भारत लौट रहे हैं।**

आयोग को एक से बढ़ा कर तीन सदस्यीय कर दिया। दो नये सदस्य शेषन के पर कतरने के लिए लाए गए थे। शेषन ने अमेरिका से फोन करके मुझ से कहा, नरसिंह राव ने मेरे साथ धोखा किया है। मैं बहुत आहत हूं। क्या करूं? तुम सोच कर रखो हम अगले हफ्ते तक भारत लौट रहे हैं।

चूंकि 1993 से जैन हवाला कांड को उजागर कर मैं भी देश में राजनीतिक शुचिता के लिए संघर्ष कर रहा था, इसलिए उनके आने पर मैंने सुझाव दिया, श्हम देश भर में हर कस्बे, नगर और प्रांत में श्जन चुनाव आयोगों का गठन करें जिनमें उस क्षेत्र के उन प्रतिष्ठित लोगों को सदस्य बनाया जाए जिनका कभी किसी राजनैतिक दल से कोई नाता न रहा हो। इन सैकड़ों जन चुनाव आयोगों का गठन इस उद्देश्य से किया जाना था कि ये अपने इलाके के हर चुनाव पर निगाह रखें और उनमें नैतिकता लाने का प्रयास करें। शेषन को यह सुझाव बहुत पसंद आया और हम सबने मिलकर इसकी विस्तृत नियमावली तैयार की और उसके हजारों पर्चे छपवा कर देश भर में बंटवाए। इसका अच्छा असर हुआ और देश के अलग-अलग हिस्सों में श्जन चुनाव आयोगों का गठन भी होने लगा। मेरा सुझाव था कि सेवानिवृत्त हो कर शेषन श्जन चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त बनें जिससे देश में स्थापित हो चुकी उनकी ब्रांडिंग का लाभ उठा कर चुनाव सुधारों को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके पर राव के रवैये से आहत होने के बावजूद शेषन इस्तीफा देने को तैयार नहीं थे। इसलिए इस दिशा में सीमित सफलता मिल पाई। अलबत्ता, यह जरूर है कि उन्होंने भारत के चुनाव आयोग की छवि को ऊंचाइयों तक पहुंचाया और भावी चुनाव आयोगों के लिए मानदंड स्थापित कर दिए। इसीलिए 26 बरस बाद भी सर्वोच्च न्यायालय को शेषन का महव रेखांकित करना पड़ा है।



# गुजरात चुनाव में पुराने मुद्दों की वापसी

गुजरात के विधानसभा चुनाव में उन तमाम पुराने मुद्दों की वापसी हो गई है, जिन पर 2002 और उसके बाद के चुनाव नरेंद्र मोदी जीतते रहे हैं। राज्य का मुख्यमंत्री बने रहने के लिए वे जिन मुद्दों का इस्तेमाल करते थे और जिन मुद्दों की वजह से गुजरात भाजपा और संघ की प्रयोगशाला बना वे सारे मुद्दे फिर से 2022 के चुनाव में उठाए जाने लगे हैं। बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में फिर से अपनी सरकार बनाने के लिए वे ही मुद्दे उठा रहे हैं, जो मुख्यमंत्री बने रहने के लिए उठाते थे। राज्य के चुनाव में आतंकवाद की एंट्री हो गई है और साथ ही नरेंद्र मोदी की जान के खतरे वाली बात भी सामने आ गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 27 नवंबर की अपनी चुनावी रैलियों में आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समान विचार वाली पार्टियां आतंकवाद को सफलता का शर्टकट मानती हैं और बड़ी आतंकवादी घटनाओं पर चुप रहती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार ही गुजरात को आतंकवाद से बचा सकती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो गुजरात में चुनाव प्रचार करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को आतंकवादियों से प्यार करने वाला बताया। इससे कुछ ही दिन पहले एनआईए के अपरेशन अक्टोपस में खुलासा हुआ कि पपुलर फ्रंट अफ इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मारने की साजिश रची थी। चुनाव से पहले मीडिया में इस खबर को पर्याप्त कवरेज मिल रही है। इस तरह की खबरों से गुजरात के मतदाता स्वाभाविक रूप से भाजपा के पक्ष में एकजुट होते हैं।

# आदिवासी या वनवासी

अजय दीक्षित

आजकल आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए उनको बनवासी बनाया जा रहा है एवं कई तरीकों के प्रलोभन देकर उनको शहरीकरण से जोड़ा जा रहा है ताकि वह आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों का खरीददार बन सके और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को कमा कर दे सके। किसी भी देश का आदिवासी ही मुख्य होता है जो सदियों पुरानी सभ्यता और संसति को अपने जीवन से जोड़ कर रखता है और पीढियों से प्राप्त ज्ञान को आगे तक ले जाता है हमने उनको जानने और समझने के बजाय उनको ही खत्म करने की फुलप्रूफ कोशिश करना चालू कर दी है। आदिवासी समाज जिनके अपनी एक जीवन शैली थी और जो प्रातिक रूप से आधारित अपनी नियम कानूनों पर रहता था अब उसका भी उपभोक्ता बाद से जोड़ा जा रहा है ताकि सरकार उनको सुविधाओं के नाम से छल कर सके और उनके जल जंगल जमीन और उसकी उपज को छीन करके अपना और बहुराष्ट्रीय कंपनियों का अधिकार स्थापित कर सकें। वर्तमान में कई जातियां जैसे कि ओबीसी, एससी, सवर्ण समाज के कुछ समुदाय, मुस्लिम वर्ग आदि वर्तमान की सत्ता से नाखुश है और उनके विरोध में जाकर अपना प्रदर्शन कई तरीके से कर रही है। अतरू वर्तमान की सत्ता इन भोले-भाले आदिवासियों का उपयोग वोट बैंक के तौर पर और उसकी मजबूती के लिए करना चाह रहे हैं। इन सबके बाद भी सरकार का जी नहीं भर रहा है तो वह विपक्ष के आदिवासी नेताओं पर कई तरीके के जिन्होंने आरोप लगाकर के उन को मानसिक रूप से परेशान कर रही है और उनको इतना अधिक परेशान किया जा



रहा है कि या तो वह अपना राजनीतिक जीवन खत्म कर दें या उनकी पार्टी में जाकर शामिल हो जाएं कितना अधिक गिर गई है ना सत्ता अपने वोट बैंक के लिए और सम्राट बनने के लिए। सरकार के अंतिम उपभोक्ता तक सुविधाएं देने की साजिश लगता यही है उनको एक इंसान नहीं सिर्फ एक उपभोक्ता के रूप में देखा जा रहा है । समान जीवन शैली का बादशाहत हो रही है जिससे हमारे प्रातिक संसाधनों का अभाव होता जा रहा है और हम विदेशों से आयातित या कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों पर आश्रित होते जा रहे हैं । आदिवासी समाज का विकास होना भी आवश्यक है लेकिन क्या हम उनका यह विकास उन्हीं के क्षेत्रों को विकसित और सुविधा सम्पन्न करके नहीं दे सकते हैं ? क्या उनसे उनके जल, जंगल, जमीन को छीन करके उन्हें वहां से बेदखल करके ही हम अपना विकास देखते हैं? बहुराष्ट्रीय कंपनियों को तो करोड़ों एकड़ जमीन चाहिए अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए पूंजी पतियों की भूख कभी खत्म नहीं होती जो डलर को इका। करके अंतरराष्ट्रीय बैंकों में रखने के लिए काम कर रहे हैं एवं सत्ता को अपनी उंगलियों पर नचा रहे हैं। क्या वह यह नहीं जानते हैं कि इसके दुष्परिणाम होंगे जब हमारे पास हमारे जल जंगल जमीन ही नहीं होंगे तो पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन लेयर में ह्रास से उपजे वीभत्स दृश्य कभी बाढ़, कभी सूखा, कभी बेहद गर्मी, कभी बर्फबारी, कभी भूस्खलन, कभी भूकंप जैसे प्रातिक घटनाओं से अपने जन और धन की हानि होते देख रहे हैं। दिन प्रतिदिन आम जनता के लिए रहने और खेती करने के लिए जमीन कम होती जा रही है वह पलायन के रूप में दर-दर भटक रहा है और कई सारी शहरीकरण से उपजे समस्याओं का शिकार हो रहा है जिसमें आत्महत्या, नशाखोरी, बेरोजगारी, सामाजिक पतन, चारित्रिक पतन हो रहा है। क्या इतनी सारी परेशानियों के बावजूद भी विकास, विकास, विकास का होना आवश्यक है? क्या वोट बैंक की मजबूती इतना अधिक मायने रखती है सत्ता के भूखों के लिए सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांतों को मानने वाली पवित्र भारत भूमि के वाशिंदों के लिए ।

# क्या आपने कभी खाई है जंगली इमली? जानिए इससे मिलने वाले फायदे

जंगली इमली एक ऐसा फल है, जिसका सेवन स्वास्थ्य को कई तरह के लाभ दे सकता है। इसे विलायती इमली और मनीला इमली भी कहा जाता है। हो सकता है कि कई लोगों को यह फल नया हो, लेकिन हल्के मीठे स्वाद से भरपूर इस फल को डाइट में शामिल करना लाभदायक हो सकता है। आप इसका सलाद, कई तरह की चटनी या जूस के रूप में सेवन कर सकते हैं। आइए इसके फायदों के बारे में जानते हैं।

अगर आप अपना वजन नियंत्रित करने में लगे हैं तो आपके लिए अपनी डाइट में जंगली इमली को शामिल करना फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, यह फल डाइटरी फाइबर और सैपोनिन नामक तत्व से युक्त होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा रखकर अस्वास्थ्यकर स्नैकिंग से बचाने में मदद करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है। एक अध्ययन के अनुसार, सैपोनिन्स वजन को लगभग 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक कम कर सकता है। इस फल का इस्तेमाल काफी समय से ही आंतों की विभिन्न समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता आ रहा है। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-अक्सीडेंट गुण ईक्रोली और शिगेला नामक बैक्टीरिया से लड़कर कई तरह की आंत संबंधित समस्याओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। ये बैक्टीरिया आंतों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, इस फल के बीजों में ओलीनोलिक एसिड होता है, जो आंत की कार्यक्षमता को सुधारने में मदद कर सकता है।

यह फल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है, जो जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में काफी मदद कर सकता है। यह अस्टियोपोरोसिस और अर्थराइटिस जैसी बीमारियों के जोखिम कम करने में भी सहायक हो सकता है और जोड़ों की गतिशीलता को बढ़ाने में मदद करता है। जोड़ों के दर्द और सूजन को दूर करने समेत हड्डियों से संबंधित कई समस्याओं से सुरक्षित रहने के लिए इस फल को अपनी डाइट में शामिल करें। जंगली इमली में एंटी-डायबिटीक गुण मौजूद होते हैं, जो इसे मधुमेह रोगियों के लिए अपनी डाइट में शामिल करने के लिए एक उपयुक्त फल बनाती है। इसकी छाल में प्रोटीन, सैपोनिन, टैनिन, फ्लेवोनोइड्स और अल्कलइड समेत फाइटोकेमिकल्स की अधिक मात्रा होती है, जो ब्लड शुगर को कम करके मधुमेह को नियंत्रित रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह फल खराब कोलेस्ट्रल के स्तर को कम करने में भी प्रभावी माना जाता है। यह फल एंटी-केंसर गुण से भी समृद्ध होता है। कई शोध के अनुसार, इस फल की पत्तियों में ऐसे एजेंट होते हैं, जो स्तन केंसर कोशिकाओं को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह फल थायमिन और विटामिन-क्क1 से भी भरपूर होता है, जो ट्यूमर के विकास को रोकने के लिए जाना जाता है।

# सर्वाधिक आबादी की चुनौती



तेजी से जनसंख्या में वृद्धि गरीबी उन्मूलन, भूख और कुपोषण से लड़ाई और शिक्षा- स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार को और चुनौतीपूर्ण बना देती है। भारत को अभी से इन चुनौतियों की तरफ ध्यान देना होगा।

अगले साल भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। यह अनुमान संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनएफपीए का है। 2022 में भारत की आबादी 1.41 अरब तक पहुंच चुकी है। अभी चीन की जनसंख्या 1.43 अरब है। अभी जनसंख्या वृद्धि की जो रफ्तार है, उसके हिसाब से 2050 में भारत की जनसंख्या 1.67 अरब हो जाएगी। लेकिन चीन की आबादी तब 132 अरब ही होगी। तो यह अनुमान निराधार नहीं है कि ज्यादा आबादी भूख और गरीबी जैसी चुनौतियों को और गंभीर कर सकती है। इसीलिए बहुत तेजी से जनसंख्या में वृद्धि गरीबी उन्मूलन, भूख और कुपोषण से लड़ाई और शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार को और चुनौतीपूर्ण बना देती है। भारत को अभी से इन असली चुनौतियों की तरफ ध्यान देना होगा। विशेषज्ञों ने उचित सलाह दी है कि भारत सरकार विकास को समान और टिकाऊ रूप से सब तक पहुंचाने की योजना बनानी चाहिए। इसके लिए सरकार की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक नीतियों में सुधार की जरूरत है।

सार यह कि आने वाले समय में भारत को बढ़ती और बूढ़ी होती आबादी की जरूरतें पूरी करने के लिए उपाय करने होंगे। इनमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था में सुधार जैसी बातें शामिल होंगी। पिछले साल भारत में बुजुर्गों की जनसंख्या 138 करोड़ पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के मुताबिक 2030 तक इस आयुवर्ग में 194 करोड़ लोग होंगे। यानी इस उम्र वर्ग की आबादी में 41 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

**सार यह कि आने वाले समय में भारत को बढ़ती और बूढ़ी होती आबादी की जरूरतें पूरी करने के लिए उपाय करने होंगे। इनमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था में सुधार जैसी बातें शामिल होंगी। पिछले साल भारत में बुजुर्गों की जनसंख्या 138 करोड़ पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के मुताबिक 2030 तक इस आयुवर्ग में 194 करोड़ लोग होंगे। यानी इस उम्र वर्ग की आबादी में 41 प्रतिशत की वृद्धि होगी।**

इस तेजी से बूढ़ी होती जनसंख्या के सामने उपेक्षा, अकेलापन और वित्तीय परेशानियों जैसी कई समस्याएं होंगी। शोध दिखाते हैं कि फिलहाल 263 प्रतिशत बुजुर्ग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। 203 प्रतिशत बुजुर्ग ऐसे हैं, जो आर्थिक रूप से किसी अन्य पर निर्भर हैं, जबकि 534 फीसदी बुजुर्ग अपने बच्चों पर निर्भर हैं। अभी तो भारत को एक युवा देश कहा जाता है। उसकी 55 प्रतिशत जनसंख्या 30 या उससे कम वर्ष की है, जबकि एक चौथाई आबादी अभी 15 वर्ष की भी नहीं हुई है। जनसांख्यिकीय अनुपात से मिलने वाले इस लाभ को आर्थिक लाभों में तब्दील करने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। सवाल है कि क्या भारत इन चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर पाएगा?

## मुंबई के वन क्षेत्र में लगी भीषण आग

**मुंबई ,(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुंबई शहर के उपनगर गोरेगांव के इन्फिनिटी आईटी पार्क के पीटे घने जंगलों में बीती देर रात भीषण आग लग गयी। यह पहाड़ी संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान का एक हिस्सा बतायी गयी है।

संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कीड़े, पक्षियों और पौधों के जीवन के अलावा तेंदुए, मोर, हिरण और हग सहित कई बड़े और छोटे वन्यजीव हैं।

आग बुझाने के लिए दमकल की चार गाडियां और पानी के दो टैंकर लगे हुए हैं, आग लगने की घटना रात 11 बजे की है।

आग बुझाने के लिए पुलिस विभाग, वन एवं वार्ड के कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह लेवल-01 की आग है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है और विस्तृत ब्यौरे की प्रतीक्षा की जा रही है।

## रियर एडमिरल गुरचरण ने पूर्वी बेड़े की कमान संभाली

**विशाखापत्तनम ,(एजेंसी)।** रियर एडमिरल गुरचरण सिंह ने रियर एडमिरल संजय भल्ला से पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) की स्वर्ड आर्म, पूर्वी बेड़े की कमान संभाली।

यहां नौसेना की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंगलवार को नौसेना डकयार्ड में आयोजित एक शानदार समारोह में श्गार्ड अफ चेंज कार्यक्रम हुआ। रियर एडमिरल गुरचरण सिंह को 1 जुलाई 1990 को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया था और वे गनरी और मिसाइल युद्ध में विशेषज्ञ हैं।फ्लैग अफिसर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला ,रक्षा सेवा स्टाफ कलेज, वेलिंगटनय नेवल वर कलेज, गोवा और नेशनल डिदें स कलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं।बत्तीस साल के अपने शानदार करियर के दौरान फ्लैग अफिसर ने फ्रंटलाइन युद्धपोत रंजीत, प्रहार और ब्रह्मपुत्र पर विभिन्न पदों पर अपनी सेवायें दी है।

## एवीएनएल श्रमिक संघ का अधिवेशन 18 दिसंबर को होगा

**अजमेर ,(एजेंसी)।** राजस्थान में अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ का अधिवेशन 18 दिसंबर को अजमेर में आयोजित किया जाएगा। अजमेर में श्रमिक संघ के पदाधिकारी विनीत जैन ने बताया कि अखिल भारतीय विद्युत मजदूर संघ, राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ एवं भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ का चतुर्थ डिस्कम अधिवेशन का आयोजन 18 दिसंबर को स्थानीय जवाहर रंगमंच पर आयोजित होगा जिसमें डिस्कम से जुड़े जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन में श्रमिकों की समस्याओं पर तथा श्रमिक हित पर व्यापक चर्चा होगी।

## मुरैना में बिजली कर्मचारियों से मारपीट, मामला दर्ज

**भोपाल ,(एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिजली बिल की वसूली करने गए बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ मारपीट और अभद्रता की गई। इस मामले में पीडिघ्त कर्मचारियों ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया है कि कंपनी के मुरैना वृत्त के सबलगढ़ संभाग अंतर्गत जौरा वितरण केन्द्र के कर्मचारी लंबित बकाया राजस्व वसूली का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान शासकीय कार्य में बाधा डालने के साथ ही बिजली कंपनी के कर्मचारियों से दुर्व्यवहार, जाति सूचक गालियां एवं मारपीट की गई। कंपनी द्वारा जौरा थाने में एफआ-ईआर दर्ज कराई गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से दुर्व्यवहार या मारपीट के मामलों को शासकीय कामकाज में बाधा डालने के संबंध में कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### सीएम नीतीश ने मोदी सरकार पर साधा निशाना, कहा

# महंगी दर पर बिहार को दी जा रही है बिजली



**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को ऊर्जा सभागार में ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य का शुभारंभ किया और 2025 तक हर घर में स्मार्ट मीटर पहुंचाने की घोषणा की। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह बिजली दर के मामले में वन नेशन वन टैरिफ की नीति लागू करे। यदि भारत सरकार पूरे देश को एक मानती है तो देश में एकसमान दर पर हर राज्य को बिजली मुहैया कराए।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने राज्य के ऊर्जा सेक्टर की 15 हजार 87124 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ किया। इसमें 263530 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण, 593089 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और 730505 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ शामिल है। मुख्यमंत्री कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लोगों के हित में हैं, इससे उपभोक्ता फायदे में हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार को काफी महंगी बिजली दी जा रही है। केंद्र सरकार को देश के हर नागरिक का कल्याण करना है, तो हर राज्य को एक दर पर बिजली मुहैया कराए। विकसित राज्य को किस मूल्य पर बिजली दी जा रही है और बिहार जैसे गरीब राज्यों को किस मूल्य पर बिजली केंद्र सरकार दे रही है, यह देखने की जरूरत है। केंद्र सरकार हर राज्य को अलग-अलग दर पर बिजली क्यों देती है? इस पर सवाल उठना चाहिए। विकसित राज्यों से कई गुना ज्यादा महंगी बिजली बिहार जैसे राज्य को मिल रही है। हम जितनी महंगी बिजली खरीद रहे हैं, उससे काफी कम दाम पर जनता को उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश में जो राज्य उपभोक्ताओं को मुफ्त में बिजली दे रहे हैं, यह ठीक नहीं है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ब्रेडा की 157937 करोड़ की लागत से ग्रिड कनेक्टेड ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट योजना और सरकारी भवनों पर ग्रिड कनेक्टेड रूफटाप सोलर प्लांट का भी शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त 1155 करोड़ की लागत से बने ग्रिड कनेक्टेड फ्लोटिंग पावर प्लांट का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री कहा कि आने वाले समय सौर ऊर्जा का है। इसलिए हमारी सरकार जल-जीवन-हरियाली कार्यक्रम के तहत सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा देने पर कार्य कर रही है। सौर ऊर्जा को ज्यादा से ज्यादा उपयोग होना चाहिए। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य के हर वार्ड में 10-10 सोलर स्ट्रीट बल्ब लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त हर पंचायत में 10-10 सोलर बल्ब लगेंगे। विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत सरकार भवन जैसे जगहों पर भी सोलर लाइट लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि चौर क्षेत्र में किसानों की जमीन है उसमें जगह चिन्हित कर सौर ऊर्जा प्लांट भी लगाया जाना चाहिए। इससे किसानों को लाभ मिलेगा।

## अफगानिस्तान के एक स्कूल में विस्फोट के बाद 16 लोगों की मौत, 24 घायल



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान से एक बार फिर भीषण धमाके की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि यह धमाका ऐबक शहर के एक जिहादिया स्कूल में हुआ है। धमाके में करीब 16 लोगों की मौत हुई है, साथ ही कम से कम 24 लोगों घायल हुए हैं।

समाचार एजेंसी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, यह धमाका दोपहर की प्रार्थना के वक्त हुआ है। विस्फोट के बाद 16 लोगों की मौत होने की बात सामने आई है, साथ ही 24 लोगो घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, धमाके के बाद मारे गए कुल लोगों में करीब 10 छात्र भी शामिल है।

# रेलवे ने दिया बड़ा झटका, अब पांच हजार यात्रियों को निरस्त कराने पड़ेंगे टिकट



**सहारनपुर, एजेंसी।** रेलवे ने कोहरे के कारण सहारनपुर से होकर गुजरने वाली 16 ट्रेनें रद्द की हैं। ये ट्रेनें एक दिसंबर से 28 फरवरी 2023 तक नहीं चलेंगी। इसके चलते करीब पांच हजार से अधिक यात्रियों को टिकट निरस्त कराने पड़ेंगे। अब इन यात्रियों को दूसरी ट्रेनों में भी विकल्प नहीं मिल रहा है।

रेलवे दिसंबर, जनवरी और फरवरी में कोहरे की संभावना के चलते ट्रेनों को रद्द कर देता है। इस बार भी सहारनपुर से होकर जाने वाली जनसेवा, शहीद और जलियांवाला बाग सहित 16 ट्रेनों को तीन महीने के लिए रद्द कर दिया है। इन ट्रेनों के निरस्त होने से यात्री परेशान हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कोहरे की आशंका के चलते कुछ ट्रेनों को निरस्त किया जाता है, जिससे बाकी ट्रेनों का संचालित प्रभावित न हो।

वहीं, यात्रियों का कहना है कि जब ट्रेनों को निरस्त करना होता है तो चार महीने पहले से रिजर्वेशन क्यों नहीं बंद कर देते। लोग कहीं जाने के लिए पूरी तैयार कर टिकट कराते हैं। अचानक ट्रेन निरस्त होने से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ती है। जो ट्रेनें निरस्त हुई हैं और उनमें जिन लोगों ने रिजर्वेशन कराया है वह अब उन्हें केंसिल करा रहे हैं।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, पांच हजार लोग टिकट निरस्त कराने पड़ेंगे। इनमें 80 फीसदी अनलाइन और 20 फीसदी आरक्षण केंद्र से निरस्त कराने वाले शामिल हैं।

## ओथ कीपर्स का संस्थापक रोड्स देशद्रोही साजिश का दोषी करार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की सरकार विरोधी मिलिशिया श्ओथ कीपर्स के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी परिणाम को पलटने के लिए देशद्रोही साजिश रचने का मंगलवार को दोषी करार दिया गया। यह छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर में हुए विद्रोह की जांच में न्याय विभाग की बड़ी जीत है। वाशिंगटन डीसी की एक जूरी ने करीब दो महीने तक चले मुकदमे में रोड्स को देशद्रोह का दोषी ठहराया। रोड्स को षडयंत्र के दो अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया था। यह फैसला न्याय विभाग के लिए काफी अहम है और इससे अभियोजकों का राजद्रोह के अन्य चरमपंथी आरोपियों के आगामी मुकदमों में पूरे जोरशोर से आगे बढने का मार्ग प्रशस्त होगा। ओथ कीपर्स के फ्लोरिडा अध्याय के नेता केली मेग्स को भी देशद्रोह का दोषी ठहराया गया है ।

## असम-मेघालय सीमा पर गोलीबारी, एनएचआरसी ने निवारण के लिए सुझाव मांगे

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने असम-मेघालय सीमा पर 22 नवंबर को हुई गोलीबारी की घटना का संज्ञान लिया है और केंद्रीय गृह सचिव और असम के मुख्य सचिव से दो राज्यों के बीच विवाद वाले क्षेत्रों में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए दो सप्ताह के भीतर उपाय सुझाने को कहा है। 22 नवंबर की घटना में मेघालय के पांच ग्रामीणों और असम के एक वन रक्षक की मौत हो गई थी और दो अन्य नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

एनएचआरसी ने मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा द्वारा सौंपे गए एक ज्ञापन का संज्ञान लिया है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि नवंबर में पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले के मुकरोह गांव में असम पुलिस और असम वन रक्षकों द्वारा की गई गोलीबारी में एक असम वन रक्षक सहित छह लोगों की मौत हो गई थी।

मंगलवार को एक बयान में कहा गया है कि आयोग को ऐसा लगता है कि यह घटना दो राज्यों असम और मेघालय के बीच सीमा विवाद के कारण हुई है, जो एक बड़ा मुद्दा है और लंबे समय से लंबित है।

इसमें कहा गया है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि यदि इस विवाद का समाधान हो जाता तो यह घटना टल जाती।

एनएचआरसी ने कहा, राज्यों के बीच जो भी विवाद हो, पुलिस को ऐसी स्थितियों में संयम बरतना होगा।

आयोग ने मेघालय के मुख्यमंत्री का ज्ञापन गृह सचिव और असम के मुख्य सचिव को भेज दिया है।

बयान में कहा गया है, उन्हें तंत्र की जांच और विकास करना है और इस तरह की घटनाओं को रोकने के उपाय सुझाने हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद है। जवाब दो सप्ताह में मिलने की उम्मीद है।

## बंगाल के पूर्व मंत्री व माकपा नेता मानव मुखर्जी का निधन

**कोलकाता ,(एजेंसी)।** वयोवृद्ध माकपा नेता और पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री मानवेंद्र मुखर्जी का बीते दोपहर शहर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। वामपंथी नेता मानव मुखर्जी के रूप में पश्चिम बंगाल के राजनीतिक हलकों में लोकप्रिय थे। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम के अनुसार, मुखर्जी को अस्वस्थता और मस्तिष्क रक्तस्राव के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार दोपहर को उन्हें लगातार दो बार दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उनका निधन हो गया।उनके पार्थिव शरीर को मंगलवार की रात पीस हेवन मोर्चरी में रखा जाएगा। बुधवार को इसे कोलकाता स्थित पार्टी मुख्यालय ले जाया जाएगा जहां पार्टी के नेता, समर्थक और कार्यकर्ता दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को कलकत्ता मेडिकल कलेज एंड हस्पिटल को दान कर दिया जाएगा।

### चाचा शिवपाल ने अखिलेश को दिया नया राजनीतिक नाम

# जसवंतनगर की जनसभा में छोटे नेताजी कहकर पुकारा



**इटावा, एजेंसी।** मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव को लेकर जसवंतनगर विधान सभा के ताखा ब्लाक में पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव ने एक साथ चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए हुंकार भरी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अमीरों से खाली हुए लाल वाले सिलिंडर गरीबों को भेज दिए थे। अब गरीबों ने भी घर में रखे सिलिंडर को एक किनारे रख दिया है और लोग उस पर बैठकर खाना खा रहे हैं।

उन्होंने महंगाई पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सरकार अब सर्दी में गेहूं की जगह चावल खिला रही है। लोगों में आक्रोश है और इसका असर चुनाव में दिखाई देगा। यह नेताजी का क्षेत्र है यहां पर उन्होंने बहुत काम किए हैं। पिछले छह साल में इस क्षेत्र में सरकार ने कोई काम नहीं किया।

प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने अखिलेश यादव को छोटे नेता जी के खिताब से नवाजा और कहा कि हम चाहते हैं कि लोग अखिलेश को छोटे नेता जी कहें और उन्हें छोटे नेता जी के नाम से पुकारें। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रघुराज शाक्य पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिष्य होने के बावजूद भी उसने मेरे साथ धोखा किया। उन्होंने कहा सरकार के लोग 60 प्रतिशत से अधिक मतदान न होने देने का दबाव बना रहे हैं। जो सीधे तौर पर प्रजातंत्र पर हमला है। जनसभा में डिंपल यादव भी पहुंची। इस अवसर पर जनता दल यू के महासचिव केसी त्यागी भी मौजूद थे। ताखा ब्लाक प्रमुख ध्रुव यादव चीनी ने अखिलेश, शिवपाल व डिंपल यादव का माला पहनाकर व गदा भेंट कर स्वागत किया।

### आशंकाओं के बीच अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत

# दूसरी तिमाही में 6.3 फीसद रही विकास दर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए जीडीपी अनुमान जारी कर दिया है। जुलाई-सितंबर तिमाही 2022 के लिए भारत की जीडीपी 6.3 फीसद दर्ज की गई है। आरबीआई ने अपनी पिछली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में भी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

एसबीआई ने अपनी रिसर्च में दूसरी तिमाही के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। ये औसत अनुमानों से 30 आधार अंक कम है। कमजोर विनिर्माण गतिविधियों के चलते जीडीपी में कमी आई है।

आपको बता दें कि देश के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर मौजूदा वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 13.5 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले साल इसी अवधि के दौरान यह 20.1 फीसद थी। वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में देश की में मात्र 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। यहां तक कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कुल जीडीपी में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इन दोनों





आंकड़ों के लिहाज से देखें तो मौजूदा वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के आंकड़े सुकून देते हैं।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (ळक्च) में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। विश्लेषकों ने अनुमान लगाया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में दर्ज की गई 13.5 प्रतिशत की विकास दर के मुकाबले आधी रहेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना जताई थी, जबकि स्टेट बैंक अफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में जुलाई-सितंबर, 2022 के लिए विकास दर 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। चीन ने जुलाई-सितंबर, 2022 में 3.9 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर दर्ज की।

उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर अर्थशास्त्रियों को उम्मीद थी कि घरेलू खपत में आ रहा सुधार दूसरी तिमाही में भी कायम रहेगा। पहली तिमाही में, जीडीपी के आंकड़ों से पता चला था कि निजी उपभोग खर्च अपने पूर्व-कोविड स्तर से लगभग 10 प्रतिशत अधिक था। कई विश्लेषकों का अनुमान है कि त्योहारी सीजन के कारण दूसरी तिमाही के अंत में घरेलू खर्च में तेजी से वृद्धि हुई है। यात्री यातायात, जीएसटी ई-वे बिल, ईंधन की बिक्री, कार्गो आदि जैसे संकेतक बताते हैं कि लोग खुलकर पैसा खर्च कर रहे है। रयटर्स पोल के मुताबिक, एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत के सितंबर तिमाही तक 6.2ः की दर से वार्षिक वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। पिछली तिमाही के 13.5ः की विस्फोटक वृद्धि के मुकाबले यह काफी है।

## गुजरात : शराब पीने के बाद दो की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**जूनागढ़ (एजेंसी)।** आईएमएफएल शराब पीने के बाद कथित तौर पर बीती रात मरने वाले दो व्यक्तियों की पोस्टमर्टम रिपोर्ट से पता चला कि उन्हें जहर दिया गया था। पुलिस ने मौत का मामला दर्ज किया है और अब जांच करेगी कि उन्होंने आत्महत्या की या किसी ने उनकी हत्या की थी। जूनागढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वासमसेट्टी ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि रफीक घोघरी और भरत उर्फ जोहान पिठाडिया नाम के दो लोगों की मौत इसलिए हुई है क्योंकि उनकी शराब की बोतल में कुछ जहरीला पदार्थ मिलाया गया था।अधिकारी ने कहा कि, जैसे ही पुलिस को इस घटना के बारे में पता चला, उन्होंने गांधी चौक इलाके से शराब की बोतल को एकत्र किया और रिपोर्ट के लिए एफएसआई को भेज दिया।

रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि शराब में जहर मिला हुआ था, डक्टरों को भी मृतक के पेट से जहरीला पदार्थ मिला है।वासमशेट्टी ने बताया कि, जहां तक जोहान पिठाडिया का मामला चिंता का विषय है, ऐसा लगता है कि यह आत्महत्या का मामला है क्योंकि वह अपने जीवन से तंग आ चुके थे, उनके परिवार ने लगभग 15 साल पहले उनसे सभी संबंध तोड़ लिए थे।पुलिस ने एक महिला का बयान दर्ज किया, जिसके साथ वह संपर्क में था और उसने कहा था कि वह अपनी जिंद्गी से तंग आ चुके थे।

## हिंदू संगठन ने कर्नाटक में धर्मातरण के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**रामनगर ,(एजेंसी)।** हिंदू जागरण वैदिक और ग्रामीणों ने बुधवार को राज्य के इस जिले में एक फार्म हाउस में कथित रूप से जबरन धर्मातरण के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने एमके की सीमा में स्थित फार्म हाउस को खाली करने की मांग की। शिकायत के अनुसार, मिशनरियों ने कथित तौर पर चन्नापटना शहर के पास कन्नमंगला गांव में एक प्रार्थना कक्ष बनाया है, जो अवैध है।

हर रोज राज्य के दूसरे हिस्सों से 200 से ज्यादा लोगों को लाकर जबरन ईसाई बनाया जाता है। शिकायत में कहा गया है कि लोगों का ब्रेनवश करने के लिए डीजे म्यूजिक और उन्नत लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा है।जब अधिकारी ग्रामीणों की शिकायतों का समाधान करने में विफल रहे, तो उन्होंने हिंदू जागरण वैदिक से संपर्क किया। शिकायत में मांग की गई है कि अवैध प्रार्थना हल को खाली किया जाए और भूमि का उपयोग स्थानीय प्रशासन की लाइसेंस शर्तों तक सीमित किया जाए।ग्रामीणों और हिंदू संगठन ने यह भी मांग की है कि सरकारी भूमि में स्थापित ईसा मसीह के क्रस और मूर्तियों को हटा दिया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों के धर्मातरण के लिए आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के कारण ध्वनि प्रदूषण एक और परेशानी है।

## कोहरे का कहर : ट्रक-बस की टक्कर में 6 लोगों की दर्दनाक मौत, 15 घायल

**बहराइच ,(एजेंसी)।** बहराइच जिले के टप्पे सिपाह क्षेत्र में बुधवार को एक बस और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।जानकारी के मुताबिक हादसा सुबह साढ़े चार बजे के करीब हुआ, जब कोहरे की वजह से तेज रफ्तार ट्रक लखनऊ ईद्गाह डिपो की रोडवेज को साइड से टक्कर मार दी। हादसा जरवल थाना क्षेत्र के घर्घरा घाट के समीप की है। बताया जा रहा है कि कोहरे की वजह से विजिबिलिटी काफी कम थी जिसकी वजह से हादसा हुआ।

## प्रौद्योगिकी का जनक बन रहा देश, आठ साल में भारत ने तय की विकास यात्रा: अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत बड़ी तेजी से प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास कर रहा है। आज स्थिति ये है कि भारत प्रौद्योगिकी उपभोक्ता से प्रौद्योगिकी जनक बनता जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत उपभोक्तावाद वाली सोच से ऊपर उठकर विकास की ओर बढ़ रहा है। हमारे देश में स्टार्टअप के रूप में इसकी वास्तविक परिपक्वता देखी जा सकती है।

गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली में स्टार्टअप्स को लेकर एक नेशनल कनक्लेव का आयोजन किया गया था। इसमें केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ सालों में देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने वास्तविक विकास यात्रा की है। इस यात्रा के दौरान भारत प्रौद्योगिकी उपभोक्ता के विचार से ऊपर उठा है। आज भारत प्रौद्योगिकी उपभोक्ता से प्रौद्योगिकी जनक बन रहा है।

उन्होंने कहा कि जापान, जर्मनी और फ्रांस आदि देशों में दुनिया के सबसे बेहतरीन ट्रेनें थीं। भारत में उस तरह के ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में भी प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई। पीएम मोदी ने अपने देश के इंजीनियरों, विशेषज्ञों से कहा कि वे विश्व स्तर की ट्रेन का निर्माण भारत में करें। जिसके बाद भारत में वंदेभारत जैसी ट्रेन का निर्माण हुआ। इस दौरान उन्होंने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र के विकास के लिए जोर देते हुए कहा कि आज भारत पहले से ज्यादा मंजबूत और आत्म निर्भर बन रहा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने हरियाणा की आशा वर्करों और महिला खिलाडियों से की मुलाकात

**चंडीगढ़ , (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बेटियों को सशक्त बनाने पर बल दिया, हरियाणा की आशा कार्यकर्ताओं और महिला खिलाडियों के साथ मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों के उनके अनुभवों को सुना। वह हरियाणा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने जीवन में कई चुनौतियों और बाधाओं का सामना करना पड़ता है तथा उन्हें अधिक से अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए। मुर्मू ने कहा, श्उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए ..। उन्होंने कहा कि बेटियों को समाज व देश के लिए सशक्त होना चाहिए।

# पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रवैया जारी रखेगी इंग्लैंड : मैकुलम



रावलपिंडी , इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में आक्रामक रवैये के साथ खेलना जारी रखेगी। मैकुलम ने पाकिस्तान आने के बाद अपनी पहली संवाददाता सम्मेलन में कहा, घर से दूर जाकर जीतना सबसे बड़ी उपलब्धि है जिसे आप एक टेस्ट खिलाड़ी और एक टेस्ट टीम के रूप में हासिल कर सकते हैं। हम समझते हैं कि हम किस चुनौती का सामना कर रहे हैं, लेकिन यह अच्छा है। आप इसीलिए तो खेलना चाहते हैं। आप आसान चुनौतियां नहीं चाहते हैं। मैं वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे नहीं पता कि हम सीरीज जीतेंगे या नहीं, लेकिन मैं दावा कर सकता हूं कि जब कप्तान (बेन स्टोक्स) 48 घंटे में यहां आयेंगे तो वह कहेंगे कि सीरीज में कोई ड्रॉ नहीं होगा।

इंग्लैंड 17 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है और यह बतौर कोच मैकुलम का पहला विदेशी दौरा भी है। मैकुलम–स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना रवैया बदला है, और उन्हें पिछले सात में से छह मुकाबलों में जीत भी मिली है।

मैकुलम ने कहा, हम निश्चित रूप से मैच को परिणाम तक पहुंचाने के लिये जोर देंगे। यह हमारा दायित्व है कि लोग मैच का आनंद लेकर लौटें। अगर हम हार जाते हैं, तो हमें पता होगा कि पाकिस्तान हमसे बेहतर खेला। मुझे उम्मीद है कि हम अच्छा खेलेंगे और अगर हम हार जाते हैं तो भी ठीक है। हम अवसर, चुनौती और आतिथ्य का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में हर कोई कहेगा कि यह एक अद्भुत श्रृंखला रही है।

पाकिस्तान और इंग्लैंड एक दिसंबर को रावलपिंडी में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत करेंगे। सीरीज के अगले दो मैच मुल्तान और कराची में क्रमशः नौ और 17 दिसंबर से खेले जायेंगे।उन्होंने कहा, खिलाड़ी पहले ही कह चुके हैं कि वे यहां खचाखच भरे स्टेडियम में खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह एक अच्छा माहौल होने जा रहा है, इसलिये वे वास्तव में उत्साहित हैं। हम दुनिया भर में टेस्ट क्रिकेट से यही चाहते हैं, स्टेडियम खचाखच भरे रहें और प्रशंसक अपनी स्थानीय टीम का समर्थन कर रहे हैं। सडकों पर इस माहौल का होना सबसे बड़ी प्रशंसा है। हम भाग्यशाली हैं कि यहां स्टेडियम बिक गये हैं और हम यही चाहते हैं। कप्तान चाहता है कि वह रॉकस्टार बनें और एक रॉकस्टार बनने के लिये आपको भरे स्टेडियमों के सामने खेलना होता है। हमारे पास ऐसा करने का अवसर है।जब मैकुलम से पूछा गया कि क्या इंग्लैंड घरेलू सीजन की तरह ही खेलेगी, तो उन्होंने स्वीकार किया कि खेल में कुछ बदलाव किये जायेंगे।उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि (मैच के दौरान) हम पता लगा लेंगे कि खेल कैसा होने वाला है। हम जो कुछ करने की कोशिश करते हैं और करते हैं, वह परिस्थितियों के अनुरूप होता है लेकिन अगर हमें आक्रमक क्रिकेट खेलने का मौका दिया जाता है, तो हम कोशिश करेंगे और वह रास्ता अपनायेंगे।

# उरुग्वे के विरुद्ध पहले गोल में रोनाल्डो ने बॉल को नहीं छुआ



लुसैल , फीफा विश्व कप 2022 में प्रयोग होने वाली आधिकारिक बॉल अल रिहला की आपूर्ति एडिडास ने अपनी तकनीक की मदद से पुष्टि की है कि उरुग्वे के खिलाफ पुर्तगाल के शुरुआती गोल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कोई भूमिका नहीं थी।

रोनाल्डो ने उरुग्वे के खिलाफ पुर्तगाल के मैच के 54वें मिनट में एक गोल करने का दावा किया लेकिन बाद में गोल का श्रेय उनकी टीम के साथी ब्रूनो फर्नांडीस को दिया गया।

फर्नांडीस ने पिच के बाईं ओर से बॉल को पार किया और बॉल गोल में जाते ही रोनाल्डो ने सबसे ऊंची छलांग लगा दी। रिप्ले ने बाद में दिखाया कि रोनाल्डो और बॉल का कोई संपर्क नहीं हुआ था।

एडिडास ने अपने बयान में कहा, पुर्तगाल और उरुग्वे के बीच मैच में प्रयोग की गयी एडिडास की अल रिहला आधिकारिक मैच बॉल की 'कनेक्टेड बॉल' तकनीक की मदद से हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मुकाबले के शुरुआती गोल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गेंद से कोई संपर्क नहीं किया था।

रोनाल्डो इस गोल से यूसेबियो के साथ विश्व कप में पुर्तगाल के लिये सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन सकते थे। साथ ही वह विश्व कप में अधिक गोल करने की दौड़ में अपने चिर–प्रतिद्वंदी लियोनेल मेसी को भी पीछे छोड़ देते।

बयान में कहा गया, बॉल पर कोई बाहरी बल नहीं मापा जा सका है। बॉल के अंदर 500 हट्‌र्ज़ आईएमयू सेंसर की मदद से हम सटिक विश्लेषण कर पाते हैं।

उल्लेखनीय है कि कतर विश्व कप के लिये इस्तेमाल की जा रही आधिकारिक मैच बॉल अल रिहला में एक सेंसर मौजूद है जो छुअन का पता लगाने में रेफरी की सहायता करता है। यह टूर्नामेंट के इतिहास में इस तकनीक वाली पहली बॉल है।

## नीदरलैंड सुपर–16 में, मेजबान कतर बाहर



अल ख़ोर ,नीदरलैंड ने फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप–ए मुकाबले में मेज़बान क़तर को 2–0 से हराकर सुपर–16 राउंड में प्रवेश कर लिया।

अल बैत स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में कोडी गाकपो (26वां मिनट) और फ्रेंकी डी जोंग (49वां मिनट) ने नीदरलैंड के लिये गोल किये, जबकि मेज़बान टीम अपने आखिरी मुकाबले में एक भी गोल नहीं कर सकी।एशियाई चैंपियन कतर ग्रुप स्टेज के अपने सभी मुकाबले हारने के साथ विश्व कप 2022 से बाहर हो गयी। कतर टूर्नामेंट में तीन मैच हारने वाली पहली मेज़बान टीम बनी। साथ ही उसने दक्षिण अफ्रीका (2010) के बाद पहले राउंड में बाहर होने वाले दूसरे मेज़बान देश का विस्मरणीय रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

नीदरलैंड ने ग्रुप–ए में शीर्ष पर रहकर पहले राउंड का समापन करने के लिये आक्रमक शुरुआत की। गाकपो ने मैच के 26वें मिनट में क्लासेन की मदद से अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई।

दूसरे हाफ के चौथे मिनट में ही डी जोन्ग ने गोल करके नीदरलैंड की बढ़त को दोगुना कर दिया।

कतर का प्रदर्शन इस मैच में निराशाजनक रहा। वह कुल समय के एक तिहाई में ही बॉल को अपने पास रख सकी और कभी भी डच टीम के लिये खतरा नहीं बनी।

नीदरलैंड ने तीन मैचों में सात अंकों के साथ सुपर–16 में प्रवेश कर लिया, जबकि सेनेगल तीन मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप–ए से सुपर–16 में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गयी।

### इंग्लैंड ने वेल्स को हराकर सुपर–16 में कदम रखा

अल रैयान , इंग्लैंड ने अपने पड़ोसी मुल्क वेल्स को फीफा विश्व कप 2022 ते ग्रुप–बी मुकाबले में हराकर टूनीमेंट के सुपर–16 चरण में जगह बना ली है।

अहमद बिन अली स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में मार्कस रैशफोर्ड (50वां, 68वां मिनट) ने इंग्लैंड के लिये दो गोल किये, जबकि फिल फोडेन (51वां मिनट) ने एक गोल जमाया।इंग्लैंड ने टूर्नामेंट में नौ गोल पूरे करते हुए 2018 में बनाये गये विश्व कप ग्रुप चरण में आठ गोलों के अपने पिछले रिकॉर्ड को भी तोड़ा।पिछले मैच में अमेरिका के साथ ड्रॉ खेलने वाली इंग्लैंड ने यहां भी सुस्त शुरुआत की और वेल्स के रक्षण के सामने पहले हाफ में फीकी नजर आयी।

रैशफोर्ड ने दूसरे हाफ की शुरुआत में फ्रीकिक से गोल करके इंग्लैंड का खाता खोला। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिये खेलने वाले स्ट्राइकर ने तीन मिनट बाद हैरी केन को पास दिया, और फोडेन ने केन से बॉल लेकर इंग्लैंड की बढ़त दोगुनी कर दी।

# कड़ी हार के बाद कप्तान सन ने दक्षिण कोरिया के समर्थकों से मांगी माफी



अल रय्याव , फीफा विश्व कप मैच में हार के बाद दक्षिण कोरिया की नॉकआउट संभावना पर संकट के बादल छा गए। कोरियाई कप्तान सोन ह्युंग–मिन ने टीम के समर्थकों से माफी मांगी है।

अल के एजुकेशन सिटी स्टेडियम में ग्रुप एच एक्शन में घाना से 3–2 से हारने के बाद सन ने कहा, मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या कहूं। हम सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खेद है कि हम जीत नहीं सके। मुझे वास्तव में हमारे सभी प्रशंसकों के लिए खेद है, जो हमें सपोर्ट कर रहे थे।

सन, जो अपने सर्जिकल रूप से ठीक किए गए चेहरे पर एक सुरक्षात्मक मास्क के साथ खेल रहे थे, उन्होंने इस हार की जिम्मेदारी खुद ली। सन ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से बेहतर खेलना चाहिए था और टीम का नेतृत्व करने के लिए बेहतर काम करना चाहिए था। इससे मुझे इतना दर्द होता है कि मैं इससे बाहर नहीं आ सका। मैं वास्तव में अपने साथियों से अधिक नहीं मांग सकता।


यदि वे वही करते रहे जो वे करते रहे हैं, तो मैं वास्तव में अच्छा कप्तान साबित होऊंगा।

दो मैचों के बाद एक अंक के साथ दक्षिण कोरिया को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए अपने अंतिम ग्रुप मैच में पुर्तगाल को हराना होगा। लेकिन टीम मुख्य कोच पाउलो बेंटो के बिना होगी, जिन्हें सोमवार की हार के बाद लाल कार्ड मिलने पर शुक्रवार के लिए निलंबित कर दिया गया था। बेंटो की रेफरी एंथोनी टेलर के साथ कहा –सुनी हो गई थी, जब टेलर ने अंतिम सीटी बजाई, जब टीम ने एक कॉर्नर अर्जित किया था। बेंटो ने कहा, यह टीम के लिए अच्छी स्थिति नहीं है।

लेकिन हम उस पर अमल करने की कोशिश करेंगे, जो कोच हमसे करवाना चाहते हैं, और अगले कुछ दिनों में हम सबसे अच्छी तैयारी कर सकते हैं।

## फिल्मी गपशप

# धनुष ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला से मिलाए हाथ, फिल्म की शूटिंग शुरू



पैन इंडिया स्टार धनुष जल्द ही राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके निर्देशक शेखर कम्मुला की अगली फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है और इसी के साथ फिल्म से धनुष का लुक भी सामने आ गया है। धनुष ने भी कुछ समय पहले अपनी इस फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर किया था। अब आखिरकार उन्होंने शेखर के साथ अपने इस नए सफर की शुरुआत कर दी है। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले पूजा–अर्चना हुई, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में धनुष के साथ फिल्म के निर्माता–निर्देशक नजर आ रहे हैं। धनुष तस्वीरों में लंबे बाल और दाढ़ी में दिख रहे हैं। यह फिल्म तमिल और तेलुगु के साथ–साथ हिंदी भाषा में भी बनने वाली है। फिल्म एसवीसीएलएलपी के बैनर तले बन रही है, जिसने हाल ही में तमिल–तेलुगु कॉमेडी फिल्म प्रिंस बनाई है।धनुष ने पिछले साल जुलाई में ही अपनी इस फिल्म की घोषणा कर दी थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें सबसे ज्यादा बेसब्री शेखर कम्मुला के साथ काम करने की है, क्योंकि वह उनके पसंदीदा निर्देशकों में से एक हैं। इसके बाद इस फिल्म को लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आया। फिर कहा जाने लगा कि उनकी यह फिल्म डिब्बाबंद हो गई है और अब साफ हो गया कि फिल्म ठंडे बस्ते में नहीं गई है। निर्देशक शेखर कम्मुला फिदा और और लव स्टोरी जैसी शानदार फिल्में दे चुके हैं। उन्होंने डॉलर ड्रीम्स नाम की एक फिल्म निर्देशित की थी, जिसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था। शेखर को दो फिल्मफेयर पुरस्कार और छह नंदी पुरस्कार भी मिल चुके हैं। धनुष इन दिनों फिल्म कैप्टन मिलर की शूटिंग में लगे हैं। यह एक पीरियड ड्रामा–एक्शन फिल्म है, जिसमें 1930–40 के दशक की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म के निर्देशक अरुण मथेस्वरन हैं। जानकारी के मुताबिक, फिल्म का अंदाज केजीएफ जैसा होगा। फिल्म के तीन भाग बनाए जाएंगे। अरुण मथेस्वरन ने एक इंटरव्यू में बताया कि पहले भाग में इंटरवल के बाद दर्शकों को युद्ध का एक हैरतअंगेज सीन देखने को मिलेगा। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में आएगी। धनुष रूसो ब्रदर्स की अगली फिल्म द ग्रे मैन में अहम भूमिका निभाने वाले हैं। यह धनुष का दूसरा हॉलीवुड प्रोजेक्ट है। इससे पहले वह 2018 में केन स्कॉट के निर्देशन में बनी इंग्लिश फिल्म द एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जर्नी ऑफ फकीर में दिखे थे। नाने वरुवेन भी धनुष के खाते से जुड़ी है, जिसके निर्देशन की कमान उनके भाई सेल्वराघवन ने संभाली है। वाथी और थिरुचित्रम्बलम भी उनकी आगामी तमिल फिल्में हैं। धनुष तेलुगु फिल्म सर में भी नजर आएंगे।

### पिंक डीपनेक आउटफिट में निक्की तंबोली ने दिखाया हुस्न का जलवा

बिग बॉस से घर–घर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपनी बोल्डनेस से फैंस पर कहर बरपाए रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। वहीं, एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने पिंक कलर के डीपनेक आउटफिट में कहर बरपाया है। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपनी कातिलाना और दिलकश अदाओं से फैंस को मदहोश करने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने पिंक कलर का डीपनेक क्रॉप टॉप पहन रखा है। साथ ही डेनिम रिब्ड जींस में एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। निक्की का ये आउटफिट उनकी खूबसूरती को चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस के फैशन सेंस की फैंस तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली ने गोल्डन हेयर स्टाइल के साथ कई कातिलाना पोज दिए।

## गोलमाल फ्रेंचाइजी से क्यों बाहर हुए थे शरमन जोशी?



फिल्ममेकर रोहित शेट्टी की कॉमेडी फिल्म गोलमाल 5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस सीरीज की चारों फिल्मों ने दर्शकों को खूब हंसाया। फिल्म के पहले भाग में अभिनेता शरमन जोशी नजर आए थे, लेकिन इसके बाद वह इस सीरीज से बाहर हो गए। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने गोलमाल फ्रेंचाइजी से बाहर होने के पीछे की वजह खुद बताई है।शरमन ने बताया कि अपने मैनेजमेंट के साथ कंफ्यूजन के कारण वह इस फ्रेंचाइजी से बाहर हो गए। उन्होंने कहा, मेरी मैनेजमेंट टीम अच्छी तरह से बातचीत नहीं कर रही थी। और पैसा भी एक कारण था। मेरी फीस से मेकर्स बहुत सहज नहीं थे। मुझे पता नहीं था कि यह सब चल रहा था। पता चलने पर मैंने उन्हें अप्रोच किया। मुझे और मेरे मैनेजर को स्क्रिप्ट पसंद आती तो, पैसा कोई प्रॉब्लम नहीं था।शरमन का कहना है कि वह इस फ्रेंचाइजी में काम करना चाहते थे, लेकिन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं फ्रेंचाइजी के अगले भाग में रहूंगा।बता दें कि शरमन को कुछ समय पहले रोहित के साथ एक विज्ञापन में देखा गया था। शरमन ने कहा कि उन्होंने खुद रोहित से अनुरोध किया था कि वे उन्हें इस फ्रेंचाइजी की अगली किस्त में शामिल कर लें। उनके अनुरोध पर रोहित ने भी हामी भर दी थी। गोलमाल 5 में एक बार फिर अजय देवगन मुख्य भूमिका में दिखने वाले हैं। तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और अरशद वारसी भी इसमें धमाल मचाते हुए नजर आएंगे। गोलमाल सीरीज का पहला पार्ट 2006 में रिलीज हुआ था, जिसमें अजय, अरशद, तुषार और शरमन ने अहम भूमिका निभाई थी। 2008 में गोलमाल रिटर्न्स आई थी। तीसरा पार्ट 2010 में आया और सात साल बाद गोलमाल की चौथी फिल्म गोलमाल अगेन आई।

# राजकुमार राव अभिनीत श्रीकांत बोला की बायोपिक में अलाया एफ और ज्योतिका की एंट्री



मौजूदा दौर में बॉलीवुड में कई बायोपिक प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। इस साल की शुरुआत में ही राजकुमार राव अभिनीत नेत्रहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक का ऐलान हुआ था। फिलहाल इस फिल्म का नाम तय नहीं किया गया है। ऐसी चर्चा है इस फिल्म के फीमेल लीड कलाकारों की कास्टिंग कर ली गई है। इसमें अभिनेत्री अलाया एफ और ज्योतिका मुख्य भूमिकाओं में नजर आ सकती हैं।रिपार्ट के अनुसार, श्रीकांत की बायोपिक में अलाया और ज्योतिका की एंट्री हो गई है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म की तैयारी का काम कुछ समय से चल रहा है और टीम एक पखवाड़े में इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसकी कहानी राजकुमार, ज्योतिका और अलाया द्वारा निभाए गए तीन प्रमुख पात्रों पर आधारित है।

अभी ज्योतिका और अलाया के किरदारों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।इस महीने के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू होने की संभावना है। राजकुमार, ज्योतिका और अलाया पिछले कुछ हफ्तों से फिल्म के लिए वर्कशॉप कर रहे हैं। साउथ अभिनेत्री ज्योतिका के लिए यह फिल्म खास होगी।

# बिग बॉस के घर फिर पहुंचीं राखी सावंत, ली वाइल्ड कार्ड एंट्री



अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाली ड्रामा क्वीन राखी सावंत फिर चर्चा में हैं और इस बार उन्हें सुर्खियों में लेकर आया है बिग बॉस। दरअसल, वह एक बार फिर इस शो में नजर आने वाली हैं। राखी शो के अलग–अलग सीजन में नजर आ चुकी हैं। टीआरपी बढ़ाने के लिए खुद निर्माता भी उन्हें बिग बॉस का हिस्सा बनाने से नहीं चूकते, लेकिन इस बार कहानी में थोड़ा ट्विस्ट है।

राखी ने इस बार बिग बॉस मराठी 4 में एंट्री की है। चैनल ने एक प्रोमो जारी किया है, जिसमें उन्हें बिग बॉस मराठी के घर में विशाल निकम के साथ एंट्री करते देखा जा सकता है, जिन्होंने बिग बॉस मराठी 3 जीता था। बिग बॉस मराठी 3 से लोकप्रिय हुईं मीरा जगन्नाथ और आरोह वेलांकर ने भी शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली है। राखी ने बिग बॉस घर में आते ही कहा, मैं इन सब की मां हूं।बिग बॉस मराठी बिग बॉस का मराठी वर्जन है, जिसका प्रसारण कलर्स मराठी पर होता है। महेश मांजरेकर पिछले तीन सीजन से इसके होस्ट हैं। फिलहाल इस शो का चौथा सीजन चल रहा है। 2018 में शो के मराठी वर्जन की शुरुआत हुई थी।दर्शक प्रोमो पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मुझे पता है कि राखी हर बिग बॉस टीम के लिए उनका प्लान बी है। एक अन्य यूजर ने लिखा, ऐसा लगता है कि जब टीआरपी नीचे जाती है तो राखी हाजिर हो जाती हैं। एक ने कमेंट किया, वाह, और इंतजार नहीं होता। जब–जब राखी बिग बॉस में आई हैं, उन्होंने धमाल मचाया है, इसलिए एक बार फिर उन्हें शो में देख दर्शक बेसब्र हो उठे हैं।बीते दिनों एक इंटरव्यू में राखी ने कहा था, मैं बिग बॉस में जा रही हूं। मैं तो चैनल की कर्मचारी हूं। वे मुझे जहां बोलते हैं, मैं वहां चली जाती हूं। इस बार मैं बिग बॉस हिंदी में नहीं, बल्कि बिग बॉस मराठी में जा रही हूं।अब देखना होगा कि बिग बॉस मराठी में जाकर राखी क्या करती हैं। बिग बॉस 14 और बिग बॉस 15 में दर्शकों ने उन्हें ड्रामा और एंटरटेनमेंट का फुल पैकेज बताया था।जब से बिग बॉस 16 शुरू हुआ है, कयास लगाए जा रहे थे कि इसमें राखी की एंट्री हो सकती है। वह भी कई बार हिंट दे चुकी थीं कि शो में उनका बुलावा आने वाला है। राखी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह बिग बॉस 16 में अकेली नहीं आएंगी, बल्कि अपने बॉयफ्रेंड आदिल खान के साथ एंट्री लेंगी। उन्होंने यह भी कहा था कि सबसे पहले वह वहां पहुंचकर सौंदर्या शर्मा की बैंड बजाएंगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com